तापमान

अधिकतम 26.6 डिग्री

न्यूनतम 11.5 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026






शहर की सड़कों पर इस तरह ओवरलोड वाहन दौड़ते नजर आते हैं। यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

## संरक्षण पर करोड़ों फूंके, सब फेल, अब तीन तालाबों को सुधारने केन्द्र से मिलेंगे 11 करोड़

- हरसागर तालाब, माँ महामाया तालाब और मां शारदा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण
- भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत 2.0 योजना में किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



खास खबर

शहर का जल स्तर बनाए रखने के लिए पुराने तालाबों के संरक्षण की योजना पर एक बार फिर काम शुरू हो गया है। नगर निगम को तीन तालाबों के उन्नयन की योजना पर कार्य शुरू कराने के लिए इस्टीमेट तैयार करने कहा गया है। जिन तालाबों के उन्नयन की योजना पर कार्य शुरू होना है, उसमें हरसागर तालाब बिरकोना, माँ महामाया तालाब सकरी और मां शारदा तालाब तिफरा शामिल है। इस पर कुल 11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें मां शारदा तालाब पर ढाई करोड़, महामाया तालाब 5 करोड़ और हरसागर तालाब पर 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए पूरी राशि केन्द्र से मिलेगी। इसके साथ ही रतनपुर के दो तालाब रत्नेश्वर तालाब को साढ़े 9 करोड़ और कृष्णार्जुनी तालाब को 7.5 करोड़ में संवारा जाएगा।

दरअसल वर्षों पुराने तालाबों के गहरीकरण तथा मेंटेनेंस के कार्य नहीं होने, आबादी के विस्तार के साथ उनमें निस्तार का गंदा पानी प्रवाहित करने के कारण ज्यादातर तालाब अपना अस्तित्व खो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए तालाबों को संवारने का बीड़ा नगरीय प्रशासन विभाग ने हाथ में लिया है। इसके लिए निकायों को अधोसंरचना मद के अंतर्गत राशि स्वीकृत की जाएगी। तालाबों में पानी भरने के लिए बारिश तथा नालों के पानी का ट्रीटमेंट कर उसका उपयोग तालाबों को भरने के लिए किया जाएगा।

### गाद निकालकर भूजल स्तर में करेंगे सुधार

अधिकारियों के अनुसार तालाबों के पुनर्जीवन और सौंदर्यीकरण पर काम किया जाएगा। इसमें इन ऐतिहासिक तालाबों की गाद निकाली जाएगी और तटबंधों को मजबूत किया जाएगा। चारों ओर लाइटिंग व पाथवे बनाकर इनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। दावा है कि इन जलाशयों के संरक्षण से क्षेत्र के भूजल स्तर में भारी सुधार होगा। हालांकि इससे पहले बात करें तो तालाबों को बचाने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सारे प्रयास फेल ही साबित हुए हैं। तालाबों के संरक्षण में करोड़ों रुपए फूंके गए लेकिन सभी की हालत लगभग खराब ही है। तालापारा का तालाब क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा है। शहर के बीच में इससे बड़ा तालाब दूसरा नहीं है। यह करीब 14 एकड़ में फैला हुआ है। वहीं जांजी तालाब करीब दो एकड़ तथा भारतीय नगर का तालााब 4.18 एकड़ में फैला हुआ है। तालापारा को छोड़कर शेष तालाब सूख चुके हैं।



जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने जो रिपोर्ट भेजी गई है उसमें भी 40 तालाबों का ही जिक्र

10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक खर्च, इसके बाद भी 117 ऐतिहासिक तालाबों पर संकट

हरिभूमि में 11 जनवरी को प्रकाशित खबर।

### 5 तालाबों के कायाकल्प के लिए 28 करोड़

अधिकारियों के मुताबिक हरसागर तालाब बिरकोना, माँ महामाया तालाब सकरी और मां शारदा तालाब तिफरा को अमृत 2.0 योजना के तहत सौंदर्यीकरण के लिए चयनित किया गया है। इसमें आकर्षक लाइटिंग, फूड कोर्ट और बच्चों के खेलने की जगह जैसी सुविधाएं होंगी। अधिकारियों के अनुसार इन तालाबों को जल संरक्षण और पर्यटन के लिए सुधारा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग शाम बिता सकें। यहां ओपन जिम और पाथवे भी रहेगा। दरअसल भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के 5 प्रमुख तालाबों के कायाकल्प के लिए 28 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

#### प्रदान की गई है स्वीकृति

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत रतनपुर व बिलासपुर क्षेत्र के 5 प्रमुख ऐतिहासिक तालाबों के कायाकल्प के लिए 28.05 करोड़ की राशि को स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि से शहर के हरसागर तालाब को 5 करोड़, मां महामाया तालाब को 3.5 करोड़ और मां शारदा तालाब को संवारने 2.55 करोड़ मिलेंगे। इसका टेंडर जल्द किया जाएगा।

**- राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर, नगर निगम

## खबर संक्षेप

### मां मैत्रायणी योगिनी महानिर्वाण दिवस आज

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर इकाई द्वारा अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में अघोरेश्वर महाप्रभु बाबा भगवान राम की त्यागमयी मां मैत्रायणी योगिनी का 33 वां महानिर्वाण दिवस मंगलवार 13 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम स्थल की साफ सफाई एवं श्रमदान के पश्चात हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को विचार गोष्ठी होगी।

### मौसम विभाग की 151वीं वर्षगांठ पर प्रदर्शनी

**बिलासपुर।** मौसम विज्ञान विभाग के बहतराई स्थित मौसम वैधशाला में 15 जनवरी को 151वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विभाग के कार्य और उपकरणों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जा रही है, वहीं विभाग आम लोगों की जागरूकता के लिए खुली रहेगी। विशेषकर स्कूली बच्चों में मौसम के प्रति समझ और जानकारी वृद्धि के लिए 15 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस दौरान मौसम जनित घटनाएं, उपकरण, पूर्वानुमान के संबंध में जानकारी भी दी जाएगी।

### मॉडिफाइड साइलेंसर का बुलडोजर से नष्टीकरण



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर जिले में वाहन चालकों के द्वारा उपयोग की जा रही अवैध माडिफाइड साइलेंसर पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सैकड़ों की संख्या में साइलेंसर जब्त कर उन्हें बुलडोजर चलाकर नष्टीकरण किया गया है। थाना एवं यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न ऑटो मोबाइल दुकान के संचालकों के दुकान पर औचक निरीक्षण की कार्यवाही करते हुए अवैध मोडिफाइड साइलेंसर की जब्ती की गई है। जब्त माडिफाइड साइलेंसर को आज एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में एवं रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में बुलडोजर चला कर नष्टीकरण किया गया है।

### दो बच्चों को पालतू कुत्ते ने काटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** क्रिकेट खेलने के दौरान एक मकान के पास गेंद लेने गए दो बच्चों को मकान मालकिन के पालतू कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। इंजेक्शन लगवाने के लिए कहने पर मकान मालकिन गाली गलौज करने लगी। पुलिस ने कुत्ता मालकिन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा दुर्गा चौक निवासी प्रियंका इन्दवा पिता छोटू इन्दवा ने रिपोर्ट लिखाई। 11 जनवरी की सुबह 11 बजे मोहल्ले के श्लोक देवांगन, आलोक देवांगन एवं अन्य बच्चे दुर्गा मंदिर के पास क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद सुनीता गढ़ेवाल के घर के पास चली गई। श्लोक देवांगन गेंद लेने गया तो सुनीता गढ़ेवाल के पालतू कुत्ते ने उसे काटकर जख्मी कर दिया।

### ठंड में कमी, पारा भी चढ़ने लगा

**बिलासपुर।** दो दिनों से कड़ाके की ठंड कम होने लगी है, इस दौरान न्यूनतम तापमान के साथ ही अधिकतम तापमान भी चढ़ने लगा है। देर शाम ही लोगों को सर्द हवा सता रही है, जबकि दिन में ठंड सामान्य दिनों की तरह ही महसूस हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2-3 दिन ठंड कम रह सकती है, इस दौरान सुबह के समय कोहरा छाने की आशंका बनी हुई है हालांकि प्रदेश के कई जिलों में अच्छी खासी ठंड पड़ रही है, लेकिन पिछले दो दिनों से बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में ठंड के सितम कम हुए है।

### लॉटरी सिस्टम से बच्चों का हुआ था चयन, 300 बच्चों और शिक्षकों का भविष्य अधर में

## बंद की गई आत्मानंद नर्सरी कक्षाओं के बच्चे अभिभावक सहित पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले के चार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं को बंद किया जा रहा है। इससे नर्सरी कक्षाओं के लगभग 300 बच्चों का भविष्य की चिंता उनके अभिभावकों को सताने लगी है। सोमवार को नर्सरी कक्षाओं के बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी कलेक्टर संजय अग्रवाल के पास गुहार लगाने लगाने पहुंचे थे।

जिले के 4 आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं को बंद किया जा रहा है। इसमें आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल तारबहार, तिलकनगर, लाला लाजपतराय एवं लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के नर्सरी कक्षाओं को बंद किया जा रहा है। इससे इन नर्सरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य को लेकर उनके माता-पिता को चिंता सताने लगी है। इसलिए आज बड़ी संख्या में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी कलेक्टर संजय अग्रवाल के पास गुहार लगाने पहुंचे थे। अभिभावकों का कहना है लॉटरी सिस्टम के जरिए उनके बच्चों का चयन हुआ था और अब शिक्षा सत्र के बीच में अचानक नर्सरी बंद करना पूरी तरह गलत है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और आगे एडमिशन में भी बड़ी परेशानी आएगी। इन स्कूलों में नर्सरी कक्षा पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं का वेतन डीएमएफ फंड से मिलता था, किन्तु अब फंड उपलब्ध नहीं होना बताया जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि स्वामी आत्मानंद सकूलों में नर्सरी कक्षाओं की शुरुआत गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों जैसी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से की गई थी। लेकिन अब अधिकांश परिवार निजी स्कूलों की भारी फीस वहन नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभिभावकों की बात सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि इस सत्र स्कूल संचालित रहेंगे और नर्सरी के बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। अस्थाई रूप से शासकीय प्रायमरी स्कूलों की शिक्षिकाएं बच्चों को पढ़ाएंगी, उसके बाद अगले सत्र नर्सरी कक्षा पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी।



बंद चार आत्मानंद स्कूल के बच्चों की वैकल्पिक व्यवस्था, शिक्षकों का भविष्य अभी भी अधर में

हरिभूमि में 11 जनवरी को प्रकाशित खबर।

### 8 शिक्षकों का भार सरकार नहीं उठा पायी 300 बच्चों का भविष्य अंधकार में कर दिया

पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय का कहना है कि कांग्रेस शासन की सबसे लोकप्रिय योजना स्वामी आत्मानंद योजना बीजेपी सरकार कि किरकिरी बनी हुई थी और आख़िर सरकार ने नर्सरी के बच्चों को उसका दंड दे दिया। बिलासपुर में नर्सरी में मात्र 300 बच्चे पढ़ते हैं और केवल 8 शिक्षक उन्हें पढ़ाते हैं, उन्होंने सवाल किया है कि क्या सरकार उनके वेतन की व्यवस्था कहीं से भी नहीं कर सकती थी, क्या डीएमएफ फण्ड ही सहारा था, अगर डीएमएफ के नियम बदल गए हैं तो संविदा फण्ड जो हर वर्ष लैप्स हो जाता है उसी से इन शिक्षकों को सैलरी दे सकते थे। उन्होंने कहा है कि बिलासपुर कलेक्टर को सरकार से बात करनी चाहिए और एक अलग मद से इनका भुगतान करके इन बच्चों के भविष्य को बचाना चाहिए।

### प्रत्येक विद्यालय को नई शिक्षा नीति लागू करने हेतु बाध्य होना होगा

डॉ. संजय गुप्ता का कहना है कि नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को समग्र, लचीला और छात्र-केंद्रित बनाना है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करें। यह मातृभाषा में शिक्षा, रटने के बजाय समझ पर जोर, 5+3+3+4 की नई संरचना, व्यावसायिक शिक्षा और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे बदलावों के साथ, भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत की नई शिक्षा नीति का लक्ष्य देश की शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव लाना है। नई शिक्षा नीति का मुख्य लक्ष्य छात्रों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान देकर बौद्धिक रूप से मजबूत बनाना है, जिससे वे देश की प्रगति में योगदान दे सकें और एक जीवंत ज्ञान-आधारित समाज का निर्माण हो सके।

## केंदा-कारीआम फोरलेन को फॉरेस्ट क्लियरेंस मिला



**बिलासपुर।** केंदा से कारीआम के बीच साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित फोरलेन निर्माण की अंतिम बाधा भी अब दूर हो गई। इस प्रोजेक्ट के लिए पांच हजार पेड़ों की कटाई होनी है, जिसकी स्वीकृति के लिए प्रकरण रीजनल इंपावर्ड कमेटी नागपुर को भेजा गया था। कमेटी द्वारा प्रोजेक्ट को फॉरेस्ट क्लियरेंस दे दिया गया है। शर्त यह है कि पांच हजार पेड़ों की कटाई के बदले दस गुना याने पचास हजार पौधे लगाने होंगे।

केंदा से कारीआम के बीच पहाड़ के ऊपर साढ़े पांच किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण अब जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। विभाग द्वारा इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा चुकी है। फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या एक निश्चित क्षेत्र एवं निश्चित संख्या से अधिक होने के कारण प्रकरण अंतिम स्वीकृति के लिए रीजनल इंपावर्ड कमेटी नागपुर को भेजा गया था। इससे पहले इस प्रोजेक्ट को बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल के अलावा अरण्य भवन रायपुर से भी स्वीकृति मिल चुकी थी। आखिरकार प्रोजेक्ट को आरईसी नागपुर से भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

218 करोड़ की लागत से पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में इस मार्ग पर आवागमन के दौरान 11 खतरनाक मोड़ आते हैं। इस दौरान लोड भारी वाहनों को अक्सर मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में देखा जा सकता है। फोरलेन सड़क बन जाने के बाद न केवल खतरनाक मोड़ व चढ़ाई से छुटकारा मिलेगा, बल्कि आवागमन करने वालों का समय भी बचेगा।

**बदले में लगाने होंगे 50 हजार पौधे**

- रीजनल इंपावर्ड कमेटी नागपुर से मिली अनुमति
- पांच हजार पेड़ काटे जाएंगे, बदले में लगाने होंगे दस गुना पौधे

### हाईटेक होगा फोरलेन, ऊपर वाहन नीचे जानवरों की आवाजाही

केंदा-कारीआम फोरलेन बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल में बनाया जाना है। यह पूरी तरह वनक्षेत्र है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पालतू एवं वन्य पशुओं का विचरण होता है। फोरलेन बनने के दौरान पेड़ों की कटाई के बाद वन्य एवं पालतू पशुओं के स्वच्छंद विचरण में बाधा न हो इसके लिए यहां वाया डक्ट बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत सड़क के ऊपर दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही हो सकेगी, वहीं नीचे पशुओं का सड़क के इस पार से उस पार तक स्वच्छंद विचरण होता रहेगा।

### 65 हेक्टेयर में प्लांटेशन, दस साल करना होगा मेंटेनेंस

फोरलेन निर्माण के दौरान करीब 28 हेक्टेयर भूमि से करीब पांच हजार पेड़ों की कटाई करनी होगी। काटे गए पेड़ों की भरपाई करने के लिए वन विभाग 65 हेक्टेयर नारंगी क्षेत्र में 50 हजार पौधे रोपित करेगा। प्लांटेशन के बाद दस वर्षों तक पौधों के मेंटेनेंस की जिम्मेंदारी भी वन विभाग की ही होगी। इसके लिए वन विभाग को कैंपा मद अंतर्गत राशि प्रदान की जाएगी। केंदा-कारीआम फोरलेन में काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या के अनुपात में पीडब्ल्यूडी नेशनल हाईवे डिवीजन द्वारा वन विभाग को नए प्लांटेशन के लिए पांच करोड़ से भी अधिक मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

#### मिल चुका है क्लियरेंस

केंदा-कारीआम फोरलेन के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस मिल चुका है। इसके अंतर्गत 28 हेक्टेयर क्षेत्र से पांच हजार पेड़ों की कटाई की जाएगी। इसके बदले में 65 हेक्टेयर क्षेत्र में पचास हजार पौधे रोपे जाएंगे। पौधे लगाने व मेंटेनेंस का काम वन विभाग का होगा, जिसके लिए वन विभाग को राशि प्रदान की जाएगी।

**- आरके खांबरा,** ईई पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन

## छात्र को चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाने वाले दोनों भाई गिरफ्तार, जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आलू गुण्डा को लेकर हुए विवाद में मेस सचिव छात्र को चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाने वाले कर्मचारी दोनों भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां वे जमानत पर रिहा हो गए हैं।

ज्ञात हो कि 11 जनवरी की शाम 6 बजे सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तांतया भील बालक छात्रावास में संचालित मेस के सचिव छात्र हर्ष अग्रवाल व मेस कर्मचारियों के बीच आलूगुंडा को लेकर विवाद हो गया, इस पर कर्मचारी मेस सचिव को चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाने लगे। छात्रों ने दोनों भाइयों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया हर्ष अग्रवाल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 3,5, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत हमलावर कर्मचारी सक्ती बिर्रा करही निवासी दीपक केंवट पिता ठनकराम केंवट 21 साल, उसके भाई दीपेंद्र केंवट को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों भाई जमानत मिलने पर रिहा हो गए हैं।



सेंट्रल विवि मेस के कर्मचारी ने सचिव को चाकू लेकर दौड़ाया

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### गर्डर डी लांचिंग, कल से ट्रेनें प्रभावित होंगी

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के खरसिया से राबर्टसन स्टेशन के बीच स्थित समपार फाटक भेलवाडीह में गर्डर लांचिंग एवं चक्रधरनगर एवं कोतरलिया सेक्शन के बीच स्थित रेलवे ब्रिज पर गर्डर डी लांचिंग का कार्य करने ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। 15 एवं 17 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, रायगढ़ से रवाना होने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 14 व 16 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। इसके अलावा 15 एवं 17 जनवरी को गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। वहीं झारसुगुड़ा से रवाना होने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में शुरु करने के बाद झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।



### शपथ पत्र में स्वास्थ्य सचिव ने दो सायकेट्रिस्ट संविदा नियुक्त की दी थी जानकारी

## सेंदरी मेंटल हास्पिटल मामले में नया हलफनामा पेश करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में सेंदरी मेंटल हास्पिटल मामले में सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने शपथ पत्र पेश कर बताया कि योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण दो सायकेट्रिस्ट संविदा पर नियुक्त कर लिए गए हैं। हाईकोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 4 फरवरी को निर्धारित करते हुए फिर से विस्तृत नया हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसमें पदों की भर्ती की पूरी जानकारी देनी होगी।

सेंदरी मेंटल हास्पिटल में मरीजों के उपचार को लेकर बदहाल स्थिति और आवश्यक चिकत्सकीय स्टाफ की बेहद कमी को लेकर विशाल कोहली ने जनहित याचिका पेश की थी। हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान भी लिया था। आज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव की ओर से एक शपथ पत्र पेश किया गया। कोर्ट को यह बताया गया कि सायकेट्रिस्ट के रिक्त पदों के लिए निर्धारित मापदण्डों अनुसार योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर एडहाक पर दो सायकेट्रिस्ट नियुक्त किए गए हैं। पेश एफिडेविट में बताया गया कि क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट और काउंसलर साइकेट्री के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है और छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग से नतीजे का इंतजार है। वार्ड ब्वाय और वार्ड आया के पदों के संबंध में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ने लिखित परीक्षा आयोजित करने मॉडल उत्तरों पर आपत्तियां बुलाने और उन पर फैसला करने और अंतिम उत्तरों के साथ नतीजों की घोषणा सहित पूरी चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट से पता चलता है कि कई श्रेणियों के पदों को भरने में काफी प्रगति हुई है और तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतरिम व्यवस्था की गई है। लेकिन भर्ती प्रक्रिया के कुछ पहलू खासकर योग्य साइकेट्रिस्ट की उपलब्धता और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और काउंसलर पदों के लिए चयन को अंतिम रूप देना अभी भी जारी है और पूरा होना बाकी है। एडवोकेट अभिषेक सिन्हा ने कहा कि जहां तक साइकेट्रिस्ट के पद पर भर्ती का सवाल है। राज्य द्वारा दायर एफिडेविट से यह साफ है कि किसी भी उम्मीदवार ने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया है। इसे देखते हुए उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य को साइकेट्रिस्ट के खाली पद को भरने के लिए एक नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया जाए ताकि राज्य में जरूरी सेवांए जारी रह सकें।





सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव को एक विस्तृत नया हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया, जिसमें विशेष रूप से मनोचिकित्सक के पद के लिए नई भर्ती प्रक्रिया आयोजित करने के लिए समय सीमा, आवेदनों के कार्यक्रम और साक्षात्कार की तारीख की जानकारी हो।


हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अशोक अग्रवाल जी
अध्यक्ष- बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड
श्री अभिषेक अग्रवाल जी
परम आदरणीय श्री अशोक अग्रवाल जी एवं
मेरे मार्गदर्शक भैया श्री अभिषेक अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शुभाकांक्षी
श्रीवास कम्प्यूटर्स एण्ड डेवलपर्स
(स्टाम्प वेन्डर्स)
रजिस्ट्री ऑफिस परिसर,
बिलासपुर
9770107388
राजन श्रीवास
प्रकाश श्रीवास

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## इस वर्ष की पहली षटतिला एकादशी कल,होगा पूजन

**बिलासपुर।** श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर रतनपुर के महंत जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि षटतिला एकादशी व्रत बुधवार को को मनाई जाएगी। षटतिला एकादशी के दिन भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। षटतिला एकादशी पर तिल का विशेष महत्व बताया गया है, इस दिन 6 प्रकार से तिलों का उपोयग किया जाता है। इनमें तिल से स्नान,



तिल का उबटन लगाना, तिल से हवन, तिल से तर्पण, तिल का भोजन और तिलों का दान किया जाता है, इसलिए इसे षटतिला एकादशी व्रत कहा जाता है। इस दिन व्रत रखने के बाद रात को भगवान विष्णु की आराधना करें, साथ ही रात्रि में जागरण और हवन करें इसके बाद द्वादशी के दिन प्रातःकाल उठकर स्नान के बाद भगवान विष्णु को भोग लगाएं और पंडितों को भोजन कराने के बाद स्वयं अन्न ग्रहण करें। जो व्यक्ति इस एकादशी का व्रत करता है और तिल एवं अन्नदान करता है उसे मुक्ति और वैभव की प्राप्ति होती है।

आयोजन

## बच्चों ने तिलक ताली एवं क्रिया सॉन्ग वाले खेल खेले



**बिलासपुर।** विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी शाखा के कार्यकर्ताओं एवं संस्कार वर्ग का वन संचार मिलन कार्यक्रम रामकृष्ण मिशन कोनी एवं बिलासा ताल में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संस्कार वर्ग के बच्चों ने रामकृष्ण मिशन में ठाकुर रामकृष्ण परमहंस,माता शारदा स्वामी विवेकानंद के मंदिर का दर्शन किया और स्वामी सेवाव्रता नन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी ने बिलासा ताल में लगे झूलों का आनंद लिया। केंद्र के बच्चों ने तिलक ताली, एवं क्रिया सॉन्ग वाले खेल खेले एवं बच्चों ने केंद्र के गीतों की प्रस्तुति दी। इस आयोजन में डॉ किरण वासुदेव देवरस नगर संचालक,डॉ उल्हास वारे विभाग सहसंचालक, डॉ सुषमा पंड्या समर्थ भारत पर्व संयोजिका ,डॉ. सुमिता दास गुप्ता, श्रीमती ज्योत्सना मिश्रा, अनिल साहू,भरत एवं विवेक पांडेय सह नगर प्रमुख एवं जीवनव्रती कार्यकर्ता एवं संगठक योगेंद्र राठौड जी इस कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया और उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## डिप्टी सीएम साव ने सिविल पब्लिकेशन की शैक्षणिक पुस्तकों का किया विमोचन

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सिविल पब्लिकेशन की संचालक एवं लेखिका मोनिषा सिंह द्वारा लिखित पुस्तकों के प्रकाशन की सराहना की गई। उन्होंने विद्यार्थियों के हित में निरंतर ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित करते रहने शुभकामनाएँ दी। इस



अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार की गई कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिनमें अपराध और समाज, छत्तीसगढ़ की जनजाति संस्कृति, कम्यूनिकेटिव इंग्लिश एंड सॉफ्ट स्किल सहित अन्य शैक्षणिक पुस्तकें शामिल रहीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी और शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में प्रोफेसर संतोष कुमार बंजारे, राकेश कुमार जांगड़े सहित अन्य लेखकगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पुस्तकों की की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

भगवान राम को ही सुनें। राम को ही गाएं। लोग जिस बात को कान से सुनता है, उसी की चर्चा करते हैं। मंगलमयी कथा सुनने से कथा की ही चर्चा होगी। दिन में 70-80 बार भगवान का नाम लेकर कथा सुन लें तो बेड़ा पार हो जाएगा। कथा हमेशा डूब कर ही सुननी चाहिए।

# भगवान राम को ही सुनें, राम को ही गाएं : विजय कौशल

**बिलासपुर।** ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने कही। उन्होंने कहा कि यह भोग का युग है। भोगी यदि योगी बनने की कोशिश करेंगे तो रोगी बन जाएंगे। आज हर व्यक्ति एक प्रकार का रोग लिया



हुआ बैठा है। जिसे नींद नहीं आती यदि वे जप करने लगे तो अच्छी नींद आने लगेगी। उन्होंने कहा कि कथा सुनें। भगवत दर्शन की गारंटी है। भगवत दर्शन का और कोई दूसरा साधन नहीं है। माता पार्वती ने इसे सत्य सिद्ध किया है। कैलाश में शिव-पार्वती का गृहस्थ जीवन आनंदमयी रहा। आज जिनका जितना अधिक ठाठ है उतनी लड़ाई है। उन्होंने बताया कि एक बार नारद मुनी ने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया था। इसी श्राप को शिरोधार्य कर उन्होंने मनुष्य रूप में अवतार लिया था। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में श्रीराम कथा शुरू



### भगवान खोजे नहीं, पुकारे जाते हैं

कथा व्यास ने शिव-पार्वती के एक संवाद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता पार्वती द्वारा ब्रम्ह के निर्गुण निराकार होता है पर सगुण कैसे हो गया, पूछने पर भगवान शंकर ने कहा कि तुम जैसी सती सावित्री इस तरह का प्रश्न कर जगत के कल्याण के लिए राम कथा को प्रकट करना चाहती है। भगवान न निर्गुण और न सगुण होता है। भगवान परम स्वतंत्र हैं। वे अपना रूप नहीं बना सकते हैं और न नाम रख सकते हैं। रूप व नाम दोनों भक्त ही रखते हैं। जिस नाम से रखते हैं उस नाम से भगवान प्रकट हो जाते हैं। प्राणपति प्राइवेट होता है। प्राइवेट में भाव आता है। भगवान खोजे नहीं पुकारे जाते हैं। डबडबाती आंखों से जहां बैठे, खड़े हैं वहीं से पुकारें। भगवान पुकार सुनते हैं। आंसू देखते हैं। मन पढ़ते हैं। जिनके जीवन में जागृति आएगी वहीं रो पाएगा। आज सब खुली आंखों से स्वप्न देख रहे हैं। इससे कुछ नहीं होगा।

### धन का ही होता है संबंध

संत प्रवर विजय कौशल महराज ने गुजरात के नरसी मेहता की कृष्ण भक्ति की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज इंसान का आचरण जैसा भी हो पर संबंध धन का ही होता है। धन का पद व्यक्ति को अंधा एवं पद का मद बहरा बना देता है। उन्हें किसी का दुख, परेशानी दिखता ही नहीं है।

### भजनों से माहौल रहा आध्यात्ममय

कथा के बीच-बीच में दोहा-चौपाई के साथ कथा का वाचन एवं भजनों की प्रस्तुति से माहौल आध्यात्ममय बना रहा। वहीं भजन की धुन पर लोग झूमते रहे।

### इन्होंने लिया श्रवण लाभ

रामकथा के पहले दिन नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, शशि अग्रवाल, गुलशन ऋषि, प्रदीप शर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सुशील श्रीवास्तव, नारायण गोस्वामी, गोपाल शर्मा, प्रवीण दुबे, महापौर पूजा विधानी, स्नेहलता शर्मा, नीता श्रीवास्तव, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, रजनी ऋषि, चंदना गोस्वामी, रूपाली गुप्ता, संध्या चौधरी, प्रतिभा शर्मा, रजनी ऋषि, चंदना गोस्वामी सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने श्रवण लाभ लिया।



## वेंकेटेश मंदिर में मनाया गया गोदांबा महोत्सव

- बाजे-गाजे के साथ निकाली गई बारात 15 को होगी विदाई

**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित श्री वेंकेटेश मंदिर में सोमवार को गोदांबा महोत्सव मनाया गया। इसमें रंगनाथ से माता गोदांबा का विवाह कराया गया। 15 जनवरी को बिदाई दी जाएगी।

मंदिर परिसर में गोदांबा विवाह के लिए आकर्षक मंडप तैयार किया गया था। जिसे 1 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। रंगनाथ की तरफ से गोदांबा को सौभाग्य चिंह भेजा गया था। इसमें आभूषण व सुहाग की सामग्री थी। जिसे पहन कर गोदांबा विवाह में शामिल हुईं। भगवान के लिए नए वस्त्र तैयार किए गए थे। सुबह भगवान का तिरूमंजन से स्नान कराया गया। इसके बाद गोदांबा द्वारा कहे गए पदों का गायन किया गया। साथ ही इन पदों का भावार्थ भी बताया गया। भजन कीर्तन हुआ। महाआरती की गई। फिर बाजे-गाजे के साथ बारात निकाल कर भगवान रंगनाथ के साथ गोदांबा का विवाह कराया गया। अंत में सेव, चना, बूंदी, खिरान्न का प्रसाद बांटा गया।

## राज्य स्तरीय शिखर सम्मेलन में युवाओं को मिली कॅरियर की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राईष्ट कुदुदंड में रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिखर सम्मेलन में युवाओं को कॅरियर की अनेक राह मिली। यहां स्टार्टअप जैसे अनेक क्षेत्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कोडक्राफर एवं डी. शेफर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन रेव्ह. निखिल पॉल ने किया। उन्होंने बताया कि स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों को ओरियंटेड कोर्स एवं प्रोजेक्टिव इंटर्नशील कराई जाएगी। इसके संस्थापक अप्रतिम सैमुएल एवं कपिल वर्मा हैं। सेमीनार के प्रथम सत्र में डॉ परमेश्वरी अरुण व विशाख मैथ्यू ने कॅरियर को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए।



कोडक्राफर व डी. शेफर फाउंडेशन का आयोजन

डॉ अरूण के 31 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित है। इन्हें स्थानिक विज्ञान के क्षेत्र में अनेक पुरस्कार मिले हैं। श्री मैथ्यू गूगल में काम करते हैं। प्रदीपती गिरवाल, डॉ अर्पित लाल, अरुण पटनायक और आयुष लाल ने बच्चों एवं अभिवावकों को प्रोत्साहित किया। एच.डी. शेफर फाउडेशन के डायरेक्टर व सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अर्पित लाल ने लॉ के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के विषय में जानकारी दी। उन्होंने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में अपना नाम दर्ज कराया है। साथ ही केरल सीजे की परीक्षा पहले प्रयास में पास किया। उन्होंने अपने इसी अनुभवों को साझा किया। सामाजिक कार्य की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 10 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस अवसर पर अनेक स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन सना शेरन पॉल ने किया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय विल्सन, मनोरंजन एत्वाना, ज्योत्सना, आलोक विल्सन, केएमके पॉल, आरडी नंद, विनय जेम्स, सपना लाल, अंकित गिरवाल, निलेश लाल, विशाल राज, रिया तिर्की, मनु शीर्ष, अनोश सहित पूरी युवा टीम का योगदान रहा।



## नुक्कड़ नाटक से एसआईआर प्रक्रिया का किया जागरूकता

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम के अंतर्गत चिंगराजपारा में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक कर एसआईआर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशिकला सिन्हा प्रेरणा स्त्रोत रही। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा चिंगराजपारा क्षेत्र के घर-घर में जाकर निर्वाचन प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 20 छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा महाविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की गई,इस कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व स्वीप प्रभारी डॉ इसाबेला लकड़ा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ अनुपा तिर्की एवं डॉ. सुरेखा देवांगन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। महाविद्यालय की गोमती साहू, मधु साहू, डॉली लृहरी, योगिता देवांगन, निधि यादव, राजेश्वरी साहू, सुषमा देवांगन, राधिका आनंद, आरुषि साहू, दीपिका यादव, प्रियांशी शर्मा, साक्षी वर्मा, अंजलि त्रिपाठी, संगीता साहू ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

आतिशबाजी और लेजर शो ने जीता दर्शकों का मन

# विनीत कप में तारिक शारीक टीम बनी चैंपियन







**बिलासपुर।** स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच तारिक शारिक इलेवन भोपाल और मोनू गोहल के बीच खेला गया। दोनों ही टीमें इस प्रतियोगिता में बिना किसी पराजय के फाइनल में पहुंची है।

विनीत कप के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की,तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, आई.बी.सी. के संपादक विश्वेष ठाकरे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। मोनू गोहल की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी तारिक शारीक इलेवन भोपाल की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 9 विकेट खोकर 98 रन बनाए। तारिक शारिक इलेवन की ओर से बल्लेबाज के. डी. ने सर्वाधिक 18 रन बनाए वही बल्लेबाज रोहित ने 15 रन बनाए। मोनू गोहल की ओर से गेंदबाज संजय,पुरुषोत्तम और इरफान ने 2- 2 विकेट अर्जित किए। अनस अली को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में मां का क्या महत्व होता है बेटे का क्या फर्ज होता है और कैसे अपनी माता की स्मृति इतना बड़ा आयोजन कराकर देश प्रदेश के युवाओं को अवसर प्रदान किया जाता है उसकी मिसाल इस आयोजन के मुख्य आयोजनकर्ता ईशान भंडारी (निक्कू) ने साबित की है मै उनकी और उनके पूरी टीम का यह प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है।

साव ने आगे कहा कि यह खेल का मैदान की हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है जो जीतना खेलेगा अपने अपने कार्यक्षेत्र में जितनी मेहनत करेगा जितना पसीना बहाएगा वह उतना ही आगे जाएगा इसीलिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कहते है हमे प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में देना चाहिए यह न सिर्फ हमें अच्छा स्वास्थ्य देता है बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है।

### 11 लाख का इनाम विजेता टीम को मिला

प्रतियोगिता की विजेता रही तारिक शारिक इलेवन की टीम को ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए और एक चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। वही उप विजेता रही मोनू ग्लोबल की टीम को चार लाख रूपये की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फिल्डर, बेस्ट बैट्समैन, फेयर प्ले समेत तमाम पुरस्कार अतिथि की उपस्थिति में खिलाड़ियों को प्रदान किए गए।

### अभिनेत्री मानुषी और स्पोर्ट्स एंकर शेफाली ने की शिरकत

2017 की मिस वर्ल्ड विजेता बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर और सुप्रसिद्ध स्पोर्ट्स एंकर शेफाली बग्गा ने विशेष रूप से फाइनल में शिरकत की। टीवी एवं बड़े पर्दे की हस्तियों को मैदान में देखकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत

विद्यालय में बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया, प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना, उनके छिपे हुए खेल कौशल को निखारना है। प्रथम दिवस की शुरुआत पंजीकरण प्रक्रिया एवं उद्घाटन सत्र से हुई। जिसका शुभारम्भ संजय दुबे, दिव्याश्री, ए सामंतराय,एस पी चतुर्वेदी, बी बी महतो की उपस्थिति में किया गया। जिसके पश्चात खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के नियमों एवं मैच प्रारूप की जानकारी दी गई। इसके बाद विभिन्न वर्गों के प्रारंभिक मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने पूरे जोश, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ भाग लिया। मैचों के दौरान खिलाड़ियों की फुर्ती, एकाग्रता और तकनीकी कौशल देखने योग्य था। हर मुकाबला रोमांचक रहा और खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



### उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में व्हालीबॉल से होगा खेल महोत्सव आगाज़

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में बुधवार से वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीता मुखर्जी की अध्यक्षता में प्रातः 7.30 बजे से होगा। प्रथम सोपान में व्हालीबाल, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल- टेनिस, क्रिकेट व रोप जंप आदि दलीय खेल होंगे। वहीं द्वितीय सोपान में 100मी., 200मी., 400 मी. 800 मी. दौड़,रिले दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, त्रिकूद, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक व सुरीली कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता होगी। इन सभी खेलों के लिए महाविद्यालय में अध्ययनरत बी एड एवं एम एड के सभी प्रशिक्षार्थियों को चार निकेतन सत्यम, शिवम, सुंदरमऔर मधुरम निकेतन में विभाजित किया गया है। खेल प्रतियोगिता के लिए विधिवत समिति बनाते हुए प्रशिक्षार्थियों को



जवाबदारी सौंपी गई हैं। सभी प्रशिक्षार्थी पूरी तन्मयता के साथ आयोजन को सफल बनाने विभिन्न खेलों के मैदान निर्माण एवं मैदान साज-सज्जा सहित आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था करने में अपना अमूल्य योगदान दे रहें हैं। क्रीड़ा प्रभारी करीम खान द्वारा प्रशिक्षार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया गया कि खेल मैदान का समतल, स्वच्छ एवं सुरक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मैदान में उपस्थित छोटे-से-छोटे अवरोध भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन एवं सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। बीएड एवं एमएड प्रशिक्षण कार्यक्रमों में खेल गतिविधियों का महत्वपूर्ण शैक्षिक स्थान है, क्योंकि ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग, आत्मसंयम एवं मानसिक संतुलन जैसे गुणों के विकास में भी सहायक होती हैं, जो भावी शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री सिद्ध बाबा आश्रम में 21 से लगेगा मेला

**बेलगहना।** श्री सिद्ध बाबा आश्रम में इस वर्ष भी वसंत पंचमी मेला उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। यह मेला 21 से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन में रूद्र यज्ञ, एवं पांच दिवसीय राम चरित्र मानस का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में सिद्ध बाबा प्रबंध समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया आएगा, जिसमे आए हुए श्रदालु भोजन ग्रहण कर सकेंगे। इस मेले में बहुत दूर दूर से दुकानदार एवं श्रद्धांलु आते हैं।

### हक बने किसान मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक

**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी ने रिजवान हक को किसान मोर्चा का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। हक पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रहे हैं, और मुंगेली जिला प्रभारी का भी दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने रिजवान उनके ऊपर भरोसा किया है और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

### कल एसडीएम आफिस का घेराव करेगी युकां

**तखतपुर।** विधानसभा क्षेत्र में लंबित विभिन्न मुद्दों को लेकर युवक कांग्रेस द्वारा 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक ने दी।

### खून जांच एवं शैक्षिक रक्तदान शिविर 16 को

तखतपुर। सर्व जागृत मानव जागृत युवा सेवा समिति द्वारा 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सांस्कृतिक भवन तखतपुर में निःशुल्क खून जांच एवं शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन विधायक धर्मजीत सिंह सहित अन्य अतिथियों के उपस्थिति में किया गया है।

## निधन

### गीता सोनथलिया



**बिलासपुर।** शशि पैलेस मोसाजी होटल के पीछे श्रीकांत वर्मा मार्ग वैशाली नगर फेज 2 निवासी गीता सोनथलिया पिता स्व. रामावतार सोनथलिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 दिसंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वर्गीय रामनिरंजन, गजानंद, राजेंद्र सोनथलिया की माता थीं।

### चंद्रकांत शर्मा



**रायपुर।** कुशालपुर रायपुर निवासी पत्रकार चंद्रकांत शर्मा का आज सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वे तारा शर्मा के पति, विपिन व मेघा के पिता एवं नथमल शर्मा के भतीजी दामाद और राजेश शर्मा के जीजा थे।

### शकुंतला यादव



**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया वार्ड क्रमांक 4 निवासी शकुंतला यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कुलेश्वर यादव (गुड्डू) की माता व गोलू यादव की दादी थीं।

## सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव का समापन

# शोभायात्रा में दिखी सामाजिक परंपरा, किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

देवांगन समाज मुंगेली द्वारा आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव का समापन किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के हर वर्ग महिलाएं, बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

महोत्सव के अंतिम दिन सुबह समाज के युवक-युवतियों द्वारा बाइक रैली निकाली गई। रैली ने कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर माता परमेश्वरी चैक, गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, दाऊपारा, पड़ाव चैक, विनोबा नगर, खर्रीपारा, बायपास, सिंधी कॉलोनी, मल्लाह पारा सहित पूरे नगर का भ्रमण किया। सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। बाइक रैली के उपरांत चंद्रपुर निवासी कथावाचक भूपेंद्र 'छोटू' देवांगन द्वारा सहयोगी भरत देवांगन के साथ विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कर कथा का समापन किया गया। तत्पश्चात देवांगन समाज मुंगेली द्वारा वर्ष 2026 की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की बालिकाओं द्वारा कलश



शोभायात्रा में शामिल झांकी।

यात्रा, महिलाओं द्वारा भक्ति गीत, वहीं समाज के बुजुर्गों द्वारा माता परमेश्वरी की सेवा गीत प्रस्तुत किए गए। शोभायात्रा में युवाओं ने आतिशबाजी कर उत्साह बढ़ाया तथा डीजे धुमाल की धुन पर समाजजनों ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा माता परमेश्वरी चैक से प्रारंभ होकर गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड होते हुए नगर के हृदय स्थल पड़ाव चैक से पुनः माता परमेश्वरी चैक पहुँची। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा माता का भव्य स्वागत किया गया एवं भोग-भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा के पश्चात माता परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर जिला मुख्यालय स्थित ग्राम रामगढ़ में मूर्ति विसर्जन किया गया। रात्रि में भोग-भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन देवांगन समाज के लोगों ने सामाजिक एकता का परिचय देते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर पूरे परिवार सहित कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगरवासियों एवं समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन को सफल बनाने में विष्णु देवांगन, दुर्गेश देवांगन, कोमल देवांगन, निमेश देवांगन, सत्तू देवांगन, सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, जगदीश देवांगन, अनिल देवांगन, ददुआ देवांगन, अमन देवांगन, बलराम देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, रजत देवांगन, गोलू देवांगन, धनराज देवांगन, नानू देवांगन, भोलू, गज्जू, तशु, बल्लू, विकास सहित महिला टीम से श्रीमती अर्चना सत्तू देवांगन, गायत्री आनंद देवांगन, सुनीता देवांगन, रिया, मेघा, सिया, मनीषा, खुशी, श्रेया, प्राची, प्रियंका, काजल, भूमि, सुरभि, वादी, मुस्कान, मोनिका, संतोषी, सुनीता, सुमन, गायत्री सहित बड़ी संख्या में समाजजनों की सराहनीय सहभागिता रही।





## परंपरा की मजबूत धुरी है नववर्ष मिलन समारोह

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अभ्यागत भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि नव वर्ष मिलन समारोह हमारी परंपरा की एक मजबूत धूरी है जो हमें स्थिरता और दिशा प्रदान करता है।

डीईओ बिलासपुर विजय टांडे, बीईओ कोटा नरेंद्र प्रसाद मिश्रा, बीईओ तखतपुर कामेश्वर बैरागी ने भी अपनी बातें रखी। संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संभागीय महासचिव भागवत जायसवाल और गणेश शिवहरे संभागीय पदाधिकारी पवन पांडेय जिला प्रवक्ता नितेश सिंगरौल, ब्लॉक उपाध्यक्ष हीरालाल जांगड़े ब्लॉक सचिव जे पी मानिकपुरी ब्लॉक महासचिव विक्रम ठाकुर बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन नितेश सिंगरौल एवं राकेश डहरे ने तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष मनोज पवार ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय जाटवर, शशिकांत जांगड़े, मिर्जा वसीम बेग, बलराम रजक, अवनीश तिवारी, नीलिमा पाण्डेय, शैलेंद्र उपाध्याय, जीपी उपाध्याय, अजय तिवारी, राजेश तिवारी, एमआर यादव, भागवत जायसवाल, राकेश भारद्वाज, रामभुवन यादव, कल्याणी यादव, लता यादव, अमलेश पाली, आनंद वल्लब रजक, नितेश सोना राजा, सन्नी देवल, रामकुमार देवांगन, सुनील कौशिक, अमरदीप शर्मा, नितेश पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।



ब्रह्मकुमारीज बहनों के साथ विद्यार्थी ।

## मोबाइल और मानसिक तनाव बन रहे हैं सड़क सुरक्षा में बाधा: बीके मनु

**सीपत।** सड़क सुरक्षा माह पर ग्राम गुड़ी के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अनुशासित, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका मनु दीदी ने कहा कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाएं केवल तकनीकी या यातायात नियमों की कमी के कारण नहीं, बल्कि मानसिक असावधानी और जल्दबाज़ी के कारण अधिक हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मन शांत, एकाग्र और संयमित नहीं होगा, तब तक सुरक्षित वाहन संचालन संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के नैतिक और व्यवहारिक जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक विषयों पर सहयोग की अपेक्षा जताई।

## युवाओं को धर्म रक्षा के लिए आना होगा आगे

### कोटा में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन



**कोटा।** भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हिंदुत्व की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए इसी भाव के साथ बिलासपुर के कोटा मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन में उपस्थित मुख्य वक्ता हाईकोर्ट के अधिवक्ता दिलमन मिंज ने कहा की हिंदू समाज अलग-अलग जातियों में बंटा है लेकिन हम सब एक हैं, हमारे बीच में एकता रहना आवश्यक है। हम सबको मिलकर धर्म परिवर्तन को रोकना होगा। इसी से हिंदू धर्म की रक्षा है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वृंदावन से पुरुषोत्तम आचार्य ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति युगों से भारत भूमि में संत महात्माओं के मार्गदर्शन में हिंदुत्व के रक्षा कर रही है। सभी समाज को आगे लेकर चल रही है। युवाओं को भी धर्म रक्षा के लिए आगे आना होगा। मातृशक्ति के रूप में उपस्थित डॉक्टर सपना पवार ने कहा कि हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति का एक अपना ही अलग वैज्ञानिक दृष्टिकोण है जिसमें एक-एक परंपरा विशेष दृष्टिकोण से रचे गए हैं। कार्यक्रम में नगर के श्याम भजन मंडली, हनुमत रामायण मंडली, सरस्वती शिशु, मंदिर अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीकेपी सेजेस स्कूल, नवागांव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लिटिल फ्लावर स्कूल, ऋषिका ग्रुप, अमाली राउत नाच मंडली के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगर के सनातन प्रेमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के संयोजक विनोद गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया।

## संगवारी महिला समिति ने 436 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



**सीपत।** एनटीपीसी की संगवारी महिला समिति ने अपने सामाजिक कार्यों के तहत एक पहल की शुरुआत करते हुए 436 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए।

- समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए शिक्षा में उत्कृष्टता और सपनों को साकार करने की अपील

यह वितरण कार्यक्रम सीपत, बाजारपारा, नवाडीह, जांजी और कर्रा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष शिखा मंडल, वरिष्ठ सदस्य शर्मिष्ठा सिन्हा, और समिति की अन्य सदस्य, सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, कर्रा सरपंच जयंती संजय पटेल और जांजी सरपंच राजेंद्र पाटले, जांजी उपसरपंच प्रदीप यादव के अलावा जनपद सभापति मनोज खरे, कन्या संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिखा मंडल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए यह केवल एक वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को निभाने का एक तरीका है।

### एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर नियुक्ति

**तखतपुर।** तखतपुर में एनएसयूआई छात्र संगठन के संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत विधानसभा उपाध्यक्ष, मालती ध्रुव, तुषार बंजारे, मोहम्मद सिफ्तैन जिन्दरान, प्रफुल्ल सूर्यवंशी, महासचिव, हिरेंद्र जांगड़े, ममता धुरी जगजीत सिंह भंडारी, रोहित दिवाकर, प्रभु गुलाब गोल्डन, नमन, कुंवार यशपाल आर्य, सचिव, आंचल यादव, रितेश कुमार, कुलदीप महादेव, अर्जुन लोधी, राहुल गेंदले, अंजलि डहरिया एवं सहसचिव, देव कुमार, विक्रम जटवर, प्रतिभा डाहिरे, आर्यन कुर्रे, शिवनंदन मरकाम, राविल बंजारे, पदों पर योग्य एवं कर्मठ साथियों की नियुक्त की गई। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह की अनुशंसा पर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया।

## यादव समाज का विशेष नशामुक्ति अभियान

**मुंगेली।** नशामुक्ति को लेकर यादव समाज की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला यादव समाज मुंगेली कार्यक्षेत्र के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम में समाजिक जनों ने भागीदारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सदस्यता अभियान चलाते हुए समग्र रूप से युवा एवं बुजुर्गों को वरिष्ठ जनों को जोड़ने की बात कही गई।

कार्यक्रम के संयोजक संतोष कुमार यादव ने कहा कि, नशा मुक्त यादव समाज का निर्माण ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी तथा युवा पीढ़ी को नशे के जहर से बचाना और एक सशक्त और मजबूत समाज के निर्माण के लिए परिवेश तैयार करना एकमात्र उद्देश्य है। इसके चलते विभिन्न संगठनों को मजबूत करना और उसमे नशा मुक्ति के विषय को समाहित कर समग्र रूप से आगे बढ़ाना शामिल है। पांच राज महासमिति के अध्यक्ष धनीराम यादव बुधवारा ने कहा कि, यादव समाज में बढ़ता नशा का





नशा मुक्ति कार्यक्रम में समाजिकजन।

प्रचलन और इसमें संलिप्तता अत्यंत चिंता का विषय है। इससे शीघ्र अतिशीघ्र समाज को बाहर निकालना आवश्यक होगा। इसी कड़ी में नवागढ़ राज के गौंटिया देवीशंकर यादव ने कहा कि, यह बहुत अच्छी पहल है, आगे भी ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। महासमिति के उपाध्यक्ष एवं युवा नेता तथा समाजसेवी संजय यादव ने कहा कि, समाज के युवा एवं हर वर्ग को नशा को छोड़कर रोजगार, व्यवसाय और शिक्षा को लेकर आगे चलना चाहिए। नशा परिवार ही नहीं पूरे समाज को खोखला कर देता है, इसलिए नशा से दूरी बनाना परिवार और समाज दोनों के हित में होगा। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान से जुड़ते हुए नवागढ़ राज के अंतर्गत धरमपुरा में निवास रत शिवराज यादव द्वारा शराब को पूर्ण रूप से छोड़ने तथा अन्य नशा को भी छोड़ने की बात कही। अवध यादव रोहरा एवं परदेसी यादव प्रतापपुर सहित अन्य सभी के ने उनका स्वागत और सम्मान किया गया।

### साले ने जीजा के साथ की मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** ससुर को देखने ससुराल गए व्यक्ति के साथ साले ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खजुरीनवागांव निवासी सरवन कैंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 7 जनवरी को वह अपने ससुर को देखने के लिए पड़रिया गया हुआ था। इसी दौरान रात्रि 8 बजे उसके साले गोलू कैंवट और भतीजे जलेश्वर केंवट हमारे घर क्यों आए हो कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया।

### युवक के साथ गाली गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** जरौंधा निवासी आशीष यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 20 दिसम्बर को वह रात्रि 8 बजे गुड़ी के पास था। तभी अजय यादव मिला और उससे किसी और के पैसे की पैसे मांग करने लगा। आशीष के मना करने पर अजय ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार अश्विनी तिवारी पिता स्व.हलधर प्रसाद तिवारी निवासी चॉटीडीह पेट्रोल पंप के सामने कुर्मी छात्रावास के पीछे, सरकंडा, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना सर्वसाधारण के लिए प्रेषित करता हूँ, मेरे पक्षकार अश्विनी तिवारी पिता स्व.हलधर प्रसाद तिवारी ने नितिश कुमार गौरहा पिता लक्ष्मी प्रसाद गौरहा, जाति-ब्राम्हण निवासी-ग्राम मेहदा, जिला-जांजगीर चांपा के स्वत्व व मालिकाना हक की डाईवर्टेड जमीन जो मौजा खमतराई प.ह.नं. 25, ख.नं. 8/15 रकबा 1285 वर्गफीट, रा.नि.मं. बिलासपुर, तह. व जिला-बिलासपुर में स्थित है। इसकी चौहद्दी जिसमें उत्तर में 25 फीट निस्तारी रास्ता, दक्षिण में बलराम पटेल की जमीन, पूर्व में विक्रेता की बचत जमीन एवं पश्चिम में सोनी की जमीन है, उक्त जमीन की खरीदी हेतु मेरे पक्षकार द्वारा सौदा कर लिया गया है, विक्रेता के अनुसार यह जमीन किसी व्यक्ति, बैंक व संस्था में बंधक गिरवी नहीं है, न ही इसकी कहीं बिक्री की गई है। उक्त जमीन पर किसी तरह का विवाद नहीं है।

अतः यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है, जिस किसी को इस सौदे पर आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 12 दिवस के भीतर दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, उसके बाद दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा और सौदे के जमीन की रजिस्ट्री करा ली जाएगी।
दिनांक : 12/01/2026
स्थान : बिलासपुर
प्रफुल्ल द्विवेदी
(अधिवक्ता)
पता-दीनदयाल मंगला,
क्वा.नं. एल.आई.जी. 753,
बिलासपुर (छ.ग.), मो. 8770592951

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम डिघोरा तह. सकरीजिला-बिलासपुर छ.ग.
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम डिघोरा को सूचित किया जाता है आवेदक राकेश पिता मोहर निवासी ग्राम डिघोरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम डिघोरा प.ह.न. 36, रा.नि.मं.अमसेना, स्थित भूमि ख.न. 16/3, 65/1, 401/1,406 रकबा क्रमशः 0.0490, 0.3240, 0.0850, 0.0200 हे. राजस्व अभिलेख में दुर्गा प्रसाद, दिलेश राकेश पिता मोहर गोफे पिता दुकला प्यारी उर्मिला पिता कार्तिक, चमारिन पति कार्तिक के राम पर दर्ज है। गोफे की मृत्यु होने पर फौती नामांतरण दर्ज कराने हेतु ऑनलाईन भुईया में आवेदन पेश किया है। प्रकरण के निराकरण करने हेतु राजस्व न्यायालय में दर्ज किया गया है जिसका प्रकरण कमांक 202601076700003 अ-6 में है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 13.01.26 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 05.01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
सकर्रा, तहसील सकरी

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्र.202511074700032/ अ-6-अ/2025-26
पक्षकार :- आनंद जायसवाल पिता **स्व. राधेश्याम जायसवाल.. आवेदक** बनाम **श्रीमती कांता रानी पति सुरेश कुमार..** अनावेदिका
एतद् द्वारा अनावेदिका श्रीमती कांता रानी पति सुरेश कुमार निवासी मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0) को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला मसानगंज स्थित शीट नंबर-23 प्लाट नं. 11/3 रकबा 812 वर्गफीट भूमि स्थित है। जो वर्तमान मे आपके नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदकगण के पिता राधेश्याम जायसवाल एवं माता श्रीमती सावित्री जायसवाल के व्दारा दिनांक 02.01.1978 को आपसे पंजीकृत बयनामा के माध्यम से क्रय किया गया था। रा.प्र.क्र. 39/अ-6/1986-87 पारित आदेश दिनांक 01.07.1987 के व्दारा उक्त भूमि आवेदकगण के पिता एवं माता के नाम पर दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया। आवेदकगण के पिता की मृत्यु दिनांक 22.03.2024 एवं माता की मृत्यु दिनांक 15.07.2014 को हो चुकी है। आवेदकगण के व्दारा उक्त आदेश के परिपालन मे अभिलेख दुरूस्त किये जाने का आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू-राजस्व संहिता प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है। अतः इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 23/01/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 07/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक / / अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 12/01/2026
ग्राम तिफरा के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40. तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 682/52 रकबा 0.026 एकड़ भूमि की फौती नामांतरण / नामांतरण/अभिलेख सुधार के लिए श्री कैलाश प्रसाद अग्रवाल आ. मोहरीलाल अग्रवाल निवासी तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 28/01/26 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनॉक 12/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक / / अति.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 12/01/2026
ग्राम तिफरा के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40. तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 682/53 रकबा 0.024 हे. एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/नामांतरण/अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती देवकी अग्रवाल आ. कैलाश प्रसाद निवासी तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 28/01/26 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनॉक 12/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली ( छ.ग. )**
रोहित बाग.... आवेदक
प्रति
बैंक ऑफ इंडिया + 1 अन्य .. .अनावेदकगण
प्रकरण क्रमांक 08/25
पेशी तारिख – 12/02/2026
प्रोसेस क्रमांक – ......
**ईश्तहार**
आवेदक रोहित बाग के द्वारा अपनी मां मौसमी बाग उर्फ मौसमी बल पति डा. के.सी. बाग उर्फ कार्तिक चंद्र बाग की मृत्यु हो जाने के कारण उसकी उत्तराधिकारी की घोषणा के लिए माननीय न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12/02/2026 को नियत है जिस हेतु किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति को तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक को उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को जावेगी।
आज दिनांक 03/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
जारी तारीख – 03/01/26
स्थान – मुंगेली
( श्रीमती जसविन्दर कौर आजमानी )
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली
जिला – मुंगेली छ.ग.

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ /वाचक/अति./2026
बिलासपुर, दिनांक 6.10.2026
श्री अक्षय कुमार आत्मज श्री फिरतराम देवांगन उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टुण्डरा, वा.क्र.02, थाना गिधौरी तहसील टुण्डरा जिला बलौदा बाजार छ.ग. एवं कुमारी प्रीति देवांगन पिता श्री शंकर देवांगन निवासी तेलीपारा आजाद नगर वा.क्र. 18 सोनी गली बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 12.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।
अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी,
बिलासपुर (छ.ग.)



अक्षय कुमार



प्रीति देवांगन

(एम.एस. दुबे)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

कमांक/ /तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 8/1/2026
ग्राम जूना बिलासपुर
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36. रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश बैस पिता सदन लाल बैस निवासी ग्राम दयालबंद तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/मृतक / मृतिका परदेशी बैस के जन्म / मृत्यु दिनांक 29/04/1991 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/01/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.) के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**
गिरीश कुमार वगैरह **विरुद्ध** आम जनता वगैरह
प्र.क्र. :-14अ/2026
पेशी तारीख :-12.02.2026
प्रोसेस क्रमांक :-07/12.01.2026
**बनाम :** आम जनता जिसका प्रकरण से संबंध हो।
इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा एक व्यवहार वास्ते सिविल मृत्यु की घोषणा बाबत हरीश कुमार पिता स्व. प्रताप निवासी ऋषि कालोनी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के संबंध में प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 12.02.2026 को नियत है, उक्त व्यवहार वाद में हरीश कुमार पिता स्व. प्रताप निवासी ऋषि कालोनी बिलासपुर छ.ग. के सिविल मृत्यु की घोषणा चाही गई है उपरोक्त संबंध में किसी भी आमजनता, शासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 12.02.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक 12/02/2026 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार कर दिया जावेगा।
यदि किसी कारणवश पेशी दिनाक 12/02/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस में प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अतः आज दिनांक 09.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
(अनूप तिग्गा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// उपस्थिति हेतु सूचना//**
1. श्री अनिल दुआ पिता विशम्भर दुआ निवासी पुराना हाई कोर्ट वार्ड क्र.31 इंदिरा नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.).. आवेदक विरूद्ध
1. श्री किरण कुमार नागरची पिता राजाराम 2. श्री राम कुमार अग्रवाल पिता सगुनचंद अग्रवाल 3. श्रीमति लेखी नागरची पति स्व. कमल नागरची निवासी रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर....अनावेदकगण
इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202512072300013/ बी121/2025-26 ग्राम रतनपुर पक्षकार अनिल दुआ पिता विशम्भर दुआ निवासी पुराना हाई कोर्ट वार्ड क 31 इंदिरा नगर बिलासपुर के द्वारा ग्राम रतनपुर प.ह.न. 12 स्थित भूमि ख.न. 653/7/3 रकबा 0.870 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है। उक्त कृषि भूमि का सीमांकन दिनांक 17.05.2025 को जानकारी हुआ कि आवेदक की भूमि नक्शा में कम प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक की भूमि से लगी चौहद्दीदार अनावेदकगण के द्वारा आवेदक की भूमि पर अनावेदक क्र. 01 व 02 द्वारा ख.न. 653/7/3 रकबा 0. 53 ए. पर अवैधानिक कब्जा व अनावेदक क्र. 03 द्वारा रकबा 0.101/2 ए व अनावेदक क. 04 द्वारा 0.24 ए. भूमि पर कब्जा किया गया है जिससे उक्त प्रश्नाधीन भूमि से अनावेदकगण का कब्जा हटाया जाकर आवेदक को कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने के लिए 23/1/16 को न्यायालीन समय पर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय की जावेगी।
आज दिनांक 8/1/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार रतनपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय पटवारी बेलतरा, प.ह.नं.06, रा.नि.मं. बेलतरा तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रति,
श्रीमान/श्रीमती
आवेदक-सुनील कुमार कश्यप पिता तीरथराम। संतोष कुमार पिता राजाराम, पवन कुमार सोनी पिता रामकुमार सोनी, रमेसर पिता सुखीराम, रंजीता पति राकेश, बनमाली पिता कुलंजन, रामकुमारी पति हरिशंकर, उषा देवी पति अशोक, उषा देवी पति दरसराम, द्वारिका प्रसाद पिता जीवराखन, राकेश पिता मनहरण, तोषण पिता हिन्छाराम, मनोरमा पति रामसजीवन, हेनु बाई पति मनहरण, जयनारायण पिता रतिराम, आनंदराम पिता सुंदरलाल दयालानी एवं अन्य संबंधित कृषकगण।
**विषय:** पेण्ड्रीडीह-पथरापाली राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित ग्राम बेलतरा स्थित भूमि खसरा नं. 477 के संपूर्ण प्रभावित भाग का भौतिक सत्यापन में उपस्थित होने के संबंध में सूचना बाबत।
**संदर्भ:** कार्यालय सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर छत्तीसगढ़ आदेश क्र. /3733/अ.वि.अ./भू-अर्जन /2025 बिलासपुर दिनांक 03.12.2025
संदर्भित आदेशानुसार आवेदक सुनील कुमार कश्यप निवासी बिलासपुर के द्वारा ग्राम बेलतरा प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. बेलतरा तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 477/21 रकबा 305 वर्गमीटर पर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण किये जाने एवं मुआवजा प्राप्त ना होने से निराकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित आदेश के परिपालन में पेण्ड्रीडीह-पथरापाली राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित ग्राम बेलतरा स्थित भूमि ख.नं. 477 के संपूर्ण प्रभावित भाग का भौतिक सत्यापन हेतु दिनांक 15.01.2026 को समय 11.00 बजे से 4.00 बजे के बीच आवेदक एवं खसरा नं. 477 के सभी बटांकन के कृषकगण अपने समस्त दस्तावेजों के साथ भौतिक सत्यापन के समय उपस्थित होवें। नियत तिथि को सूचना प्राप्ति के पश्चात उपस्थित नहीं होने पर बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
दिनांक : 12.01.2026
पटवारी
प.ह.नं. 06, तह.बेलतरा

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने जनदर्शन में सुनी जनता की समस्याएं

बिलासपुर। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर स्थित निज कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि जनदर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करने और प्रशासन को अधिक संवेदनशील व उत्तरदायी बनाने का सशक्त मंच है। जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को राहत मिले और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो।

### कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



बिलासपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर के पदाधिकारियों ने आज कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से ज्ञापन सौंपा। इसमें ट्रेडर्स ने छत्तीसगढ़ में लागू होने वाले ट्रेड लाइसेस को व्यापारियों पर अधिरोपित नहीं करने और व्यापारियों की वर्तमान समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया। इस भेंटवार्ता में राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, कैट के जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी परमजीत उबेजा, मंत्री विष्णु गुप्ता, अरविंद कुमार वर्मा, मुकेश लालचंदानी, राजेश सैनी कैट महिला टीम अध्यक्ष निहारिका त्रिपाठी उपाध्यक्ष फिरोज आलिम आदि शामिल हुए।

### गुहा निषाद राज जयंती व वीरांगना बिलासा देवी स्मृति दिवस 16 को



बिलासपुर। गुहा निषाद राज जयंती व वीरांगना बिलासा देवी स्मृति पर 16 जनवरी को विशाल शोभायात्रा रैली एवं सम्मेलन सांस्कृतिक का आयोजन किया जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए सर्व मछुवारा समाज की बैठक अध्यक्ष जीवन धीवर की अध्यक्षता में बिलासा छात्रावास डबरीपारा-चांटीडीह में आयोजित की गई। इसमें प्रकाश केंवट ने बताया कि यह आयोजन पिछले 25 वर्षों से सुखाऊ राम निषाद के संयोजकत्व में संपन्न हो रहा है। माता वीरांगना बिलासा देवी के नाम पर बिलासपुर बसा है। माता बिलासा देवी के नाम पर एयरपोर्ट एवं स्थानीय शासकीय सामाजिक संस्थाएं संचालित हो रही है। बिलासपुर के सर्व मछुवारा समाज गुहा निषाद राज जयंती एवं वीरांगना बिलासा देवी के स्मृति कर उसे श्रध्दांजली एवं माल्यार्पण करेंगे।आज की बैठक में गणेशराम निषाद, नकुल निषाद, पवन केवट, मनहरण कैवर्त, राम प्रसाद केवट, किशन लाल केवट, महेश केवट, गोविंद केवट, प्रीतम केवट, महावीर केवट, लक्ष्मी केवट एवं सर्व मछुवारा समाज के प्रमुख लोग मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस के सक्ती जिला प्रभारी बने गौरहा

बिलासपुर। भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार के तहत अंकित गौरहा को सक्ति जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित



पठानिया और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। श्री गौरहा की नियुक्ति से जिले में युवा कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में युवाओं को संगठन से जोड़ने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और अधिक प्रभावी रूप से किया जाएगा। नियुक्ति पर श्री गौरहा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि जल्द ही नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत,चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव और जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से भेंट कर संगठन का विस्तार व भाजपा के दमनकारी नीतियों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

## 1500 बाल विवेकानंद सहित हजारों की संख्या में विशाल शोभायात्रा निकली

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर ली नशा मुक्ति की शपथ



बिलासपुर। उप मुख्यमंत्री सह खेल मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में आज स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर शहर ने इतिहास रचा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पुलिस ग्राउंड में आयोजित स्वामी विवेकानंद चेतना महोत्सव में 1500 बच्चों ने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में सामूहिक रूप से पूर्ण वंदेमातरम का गायन किया।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने 1500 बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। दूसरों को भी नशा के खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया। श्री साव ने इस विश्व रिकॉर्ड के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। श्री साव ने स्वामी विवेकानंद उद्यान स्कूली बच्चों से कहा कि बिलासपुर में आज 1500 बच्चों ने स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में नशा मुक्ति की शपथ लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। स्वामी विवेकानंद के संदेश को जन जन तक पहुंचाने पुलिस ग्राउंड से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो विवेकानंद उद्यान पर समाप्त हुई। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वामी विवेकानंद उद्यान में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ अवलोकन किया। आज देवकीनंदन चौक में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा स्वदेशी दौड़ का आयोजन किया गया। श्री साव ने स्वदेशी दौड़ को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल , दीपक सिंह, राजेश सिंह, ओम माखीजा आदि मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानंद के विचार प्रेरणास्रोत : तोखन



राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित स्वामी विवेकानंद चेतना महोत्सव में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिलासपुर ने राष्ट्रभक्ति, युवा चेतना और संस्कारों के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा। कार्यक्रम में 1500 बालक-बालिकाओं द्वारा स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में एक साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन एवं नशामुक्ति की शपथ ने युवा शक्ति की जागरूकता, अनुशासन और संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा, युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण—ये सभी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में हैं और इन्हीं मूल्यों के साथ कार्य किया जा रहा है।

## समर्थ भारत पर्व विवेकानंद पर चित्र प्रतियोगिता



विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा द्वारा समर्थ भारत पर्व का आयोजन किया गया। इसमें विवेकानंद की विवेक वाणी एवं चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा के कार्यकर्ताओं द्वारा व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सेजेस तारबाहर विद्यालय में मुख्य वक्ता डॉ सुषमा पंड्या ने समर्थ भारत पर प्रकाश डाला। सुमिता दास गुप्ता द्वारा विवेकानंद पर गीत सुनाया। विद्यालय की प्राचार्य ऊषा चन्द्रा सहित बच्चों और शिक्षकों ने व्याख्यान का लाभ लिया। सेजेस बालक सरकंडा में आशुतोष शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में अनुपम एवं राहुल साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य पी मंडल की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।सेजेस मंगला में डॉ उल्हास वारे सह संचालक छत्तीसगढ़ एवं योगेंद्र राठौर की जीवन व्रती कार्यकर्ता द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्रभारी प्राचार्य भानू भारती सहित लगभग 250 बच्चे उपस्थित थे। सेजेस लिंगियाडीह में डॉ योगेश जायसवाल, ज्योत्सना मिश्रा ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्राचार्य मिथिलेश मिश्रा, प्रभारी शिक्षिका रंजना तिवारी आदि उपस्थित थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांटीडीह में विवेक पांडे मुख्य वक्ता एवं भरत द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्राचार्य अलका अग्रवाल उपस्थित थीं। सेजेस कोनी में मुख्य वक्ता वेद प्रकाश थापित, टिकेश्वर कौशिक एवं पंडित बाबूलाल पंड्या ने कार्यक्रम का संचालन किया । प्राचार्य अर्चना शर्मा उपस्थित थी। सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय यदुनंदन नगर त्रिफला में मुख्य वक्ता टिकेश्वर कौशिक, ज्योत्सना मिश्रा एवं सुश्री अनामिका श्रीवास्तव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विश्वनाथ कश्यप, वैशाली गुप्ता उपस्थित थे। सभी विद्यालय के प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को विवेकानंद केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## आईजी ने साइबर अपराध से सतर्क रहने कहा



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा "समसामयिक डिजिटल युग में युवा सामाजिक उत्तरदायित्व" विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यानमाला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने डार्क नेट पर फैल रही अवैध गतिविधियों, साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन खतरों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य एडीएन. बाजपेयी ने डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सरोकारों के गहन अंतर्संबंध पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ तारनीश गौतम ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ मनोज सिन्हा, आदित्य प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## भाजयुमो की स्वदेशी संकल्प दौड़



भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की गई। यह दौड़ बिलासपुर संभाग मुख्यालय में आहूत की गई। जिसमें संभाग भर से युवा शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हम सब के प्रेरणा पुरुष है। उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश का भविष्य हमारे युवाओं के हाथों में है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ युवाओं को ध्यान में रखकर एक प्रेरक कार्यक्रम की श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी मूल्यों, राष्ट्रीय गौरव और स्वामी विवेकानंद की शाश्वत शिक्षाओं का प्रसार करना है।

## विवेकानंद के योगदान को किया स्मरण



नर्मदांचल बंग समाज के सदस्यों की उपस्थिति में स्वामी सेनेटोरियम परिसर स्थित श्रीगुरु रवींद्र टैगोर वाटिका में महान विचारक, युगपुरुष एवं राष्ट्रीय प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। सभी सदस्यों ने उनके आदर्शों, विचारों एवं शिक्षाओं को नमन करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विश्व शांति, मानव सेवा, आत्मबल, युवाशक्ति एवं सामाजिक एकता से जुड़े विचारों पर प्रकाश डाला गया। समारोह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे समाज के सदस्यों में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं सेवा-भावना का संचार हुआ। कार्यक्रम में शंकर चन्द्र मंडल, के सी अलका चक्रवर्ती,तरुण रक्षित, सुचंदन रक्षित,गोपाल रक्षित,रवींद्र मंडल, जनार्दन मंडल, राजा रक्षित, अलका चक्रवर्ती मौजूद थी।

## विवेकानंद ने मानवता की शिक्षा दी




डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को सुना और उनके जीवन से प्रेरणा ली। मुख्य वक्ता गुरुकुल आईएएस अकेडमी के डायरेक्टर बृजेंद्र शुक्ला ने कहा कि भारत माता की जय यह कोई नारा नहीं है, यह एक मंत्र है। जिससे ऊर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि जब हम भारतीय ज्ञान परंपरा, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को स्वीकार कर आगे बढ़ेंगे, तब हम विश्व नेतृत्व करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमें धर्म ही नहीं मानवता की शिक्षा भी देते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया को योग और वेदांत से जोड़कर पूरे विश्व में जानकारी दी । कार्यक्रम आभार प्रगट डॉ अभिषेक पाठक ने किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ जयशंकर यादव ने किया।

### नशे से दूर रहे युवा

सीवीआरयू में नशा मुक्ति अभियान का आगाज किया गया । इस दौरान युवाओं ने रैली निकालकर नशा के दुष्प्रभाव को बताया, और नशे से दूर रहने के लिए अपील की। युवा दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा माह की भी शुरुआत हुई। इस अवसर पर डॉ अभिषेक शुक्ला, डॉ ए के श्रीवास्तव ,डॉ अभिषेक पाठक,डॉ ब्राम्हेश श्रीवास्तव,के के पांडेय, लेफ्टिनेंट संदीप सिंह,डॉ मनीष मुखर्जी, सुशील श्रीवास,डॉ शाहिद हुसैन,डॉ विकास तिवारी,डॉ शाजिया खान, हेमंत राजपूत आदि मौजूद थे।

### वाद विवाद में पारस एवं भाषण में अंकित प्रथम

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी बनाम विदेशी उत्पादन भारत में कौन अधिक उपयोगी विषय पर प्रथम बीए एलएलबी के छात्र पारस सिकरवार रहे। द्वितीय छात्र शुभम शर्मा एवं तृतीय बीएड के छात्र वैन सिंह को प्रदान किया गया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता विकसित भारत 2047 आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर प्रथम एमबीए के छात्र अंकित मिरी रहा। दूसरा पुरस्कार बीए एलएलबी के छात्र आशुतोष सोनी रहे । तृतीय बीएड के छात्र देवानंद यादव रहे।

## एवीएम स्कूल में विद्यार्थियों ने किया प्राणायाम का अभ्यास



एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर योग एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस. के. जाना स्वामी, प्रधानाचार्या जी. आर. मधुलिका, विशेष अतिथि रॉबिन पुष्प तथा मुख्य वक्ता शुभम सिंह की उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता शुभम सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा, उपनिषदों, योग और स्वाध्याय के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्म के पीछे विचार और इच्छा शक्ति होती है और यदि विचार सकारात्मक हो तो जीवन की दिशा सही बनती है। उन्होंने बताया कि योग और प्राणायाम से मन को एकाग्र कर इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। इस दौरान प्राणायाम का अभ्यास विद्यार्थियों को कराया गया। सही शारीरिक मुद्रा, श्वसन विधि और ध्यान की प्रक्रिया समझाते हुए प्राणायाम के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभ बताए। विद्यार्थियों के साथ क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें योग, भारतीय संस्कृति, स्वामी विवेकानंद के विचारों और जीवन मूल्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यालय के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और योग, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के माध्यम से वे देश को नई दिशा दे सकते हैं। डायरेक्टर एस. के. जाना स्वामी ने कहा कि एवीएम का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। प्रधानाचार्या जी. आर. मधुलिका ने आभार व्यक्त किया।

# सोलर वेंडर की कोताही बर्दाश्त नहीं



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड क्षेत्र के तिफरा स्थित कल्याण भवन में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डायरेक्टर आर ए पाठक ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रगति पर सोलर एजेन्सियों के संचालकों एवं मैदानी अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होने सोलर एन्जेसियों के संचालको को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर पंजीकृत उपभोक्ताओं के घरों में पहुंचकर उन्हे योजना का लाभ दिलाने सभी प्रक्रियाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने के दिशा.निर्देश दिए। श्री पाठक ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बैंकों में लोन सहित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद भी वेंडरों द्वारा उपभोक्ताओं के रूफ टॉफ लगाने में लेटलतीफी करने की शिकायतें मिल रही है। ऐसे वेंडरों को चिन्हांकित कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले बिलासपुर क्षेत्र के सोलर एजेंसियों के संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### संयंत्रों को स्थापित नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

बैंकों के द्वारा पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोन स्वीकृत होने के बाद भी दो तीन महीनों से हितग्राहियों के घरों में सौर सयंत्रों को स्थापित नहीं करने वाले वेंडरों के ऊपर कडी कार्रवाई की जाएगी। सोलर वेंडरों को कहा कि जिन उपभोक्ताओं की राशि 10 जनवरी 2026 तक प्राप्त हैं उनके सोलर पैनल अनिवार्य रूप से 20 जनवरी 2026 तक लगाए जाए। ऐसा नही करने वाले संचालको के पंजीयन रद्द कर जमा राशि को भी जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को आसानी से लोन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कार्यपालक निदेशक आर ए पी एम, एस के गजपाल, कार्यपालक निदेशक एके. अम्बस्ट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता डीके भोजक, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, बीके सरकार, सुश्री स्मिता सूर्यवंशी सहित चारों जिलों के सभी कार्यपालन अभियंता एवं सोलर एजेन्सियों के संचालक मौजूद थे।

# प्रेस क्लब का शपथ ग्रहण 26 को

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समारोह में होंगे शामिल**



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बिलासपुर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने रायपुर में सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष अजित मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, सह-सचिव हरिकिशन गंगवानी सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि तथा डिप्टी मुख्यमंत्री अरुण साव को अध्यक्षता करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरी कार्यकारिणी एवं विकास पैनल को चुनाव में जीत की बधाई दी।

उन्होंने 26 जनवरी को बिलासपुर दौरे की सहमति दी। इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने सीएम साय को बताया कि पूरे पैनल ने चुनाव में कड़ी मेहनत की है, जिसका परिणाम एकतरफा जीत के रूप में सामने आया है। बिलासपुर प्रेस क्लब भवन के नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार की ओर से 30 लाख 41 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। साथ ही यह भी भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट की स्वीकृति दी जाएगी और इस कार्यकारिणी को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर अध्यक्ष अजित मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार झा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, सह-सचिव हरिकिशन गंगवानी, पूर्व अध्यक्ष तिलकराज सलूजा, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई, निर्मल माणिक, मणिशंकर पांडेय, दिलीप अग्रवाल, जय शंकर पांडेय, रवि शुक्ला आदि मौजूद थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपनी शुभकामनांए दी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## अपना मार्ट के साथ मकर संक्रांति मनाएं, मात्र 1 रुपए में स्वाद, परंपरा और बचत तीनों एक साथ

बिलासपुर। मकर संक्रांति का मतलब है नई शुरुआत, खुशियाँ और तिल-गुड़ की मिठास। इस खास मौके को और भी खास बना रहा है अपना मार्ट, जहाँ 9 जनवरी से 14 जनवरी तक ग्राहकों के लिए लाया गया है संक्रांति स्पेशल ऑफर। सिर्फ 499 की खरीदारी पर ग्राहक संक्रांति से जुड़े पारंपरिक फ़ूड प्रॉडक्ट्स में से किसी एक को मात्र 1 रुपए में पा सकते हैं।

इस खास ऑफर में शामिल हैं, तिल के लड्डू 90 ग्राम, मूरी 200 ग्राम, ब्राउन गुड़ 500 ग्राम, तिल्ली चिक्की 90 ग्राम, सफेद तिल 100 ग्राम, चूड़ा पोहा 500 ग्राम वो भी एक रुपए में। सबसे खास बात यह है कि एक ग्राहक इस ऑफर का लाभ कई बार ले सकता है, यानी हर बार खरीदारी पर खुशियों की मिठास दोबारा ले सकता है। यह संक्रांति स्पेशल ऑफर 200 से अधिक अपना मार्ट स्टोर्स पर उपलब्ध है। ग्राहक अपने नज़दीकी अपना मार्ट स्टोर पर जाकर ऑफर का लाभ उठा सकते हैं या फिर अपना मार्ट एप के ज़रिए ऑनलाइन ऑर्डर भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अपना मार्ट दे रहा है सिर्फ 10 मिनट में डिलीवरी की सुविधा। इस मकर संक्रांति, परंपरा का स्वाद और स्मार्ट खरीदारी, सब कुछ मिलेगा, सिर्फ अपना मार्ट पर। संचालक ने बताया कि ग्राहकों का हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।




बिजनेस प्लस

## खबर संक्षेप

### युवक की मौतः वाहन चालकों पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बीते दिनों अचानक कार का दरवाजा खोलने से टकराकर गिरने व बाइक चढ़ जाने से एक अन्य बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने कार व बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मुंगेली गुठेली निवासी रूपेश गेंदले पिता श्यामदास गेंदले 26 साल मंगला दीनदयाल कालोनी में रहकर मैग्नेटो मॉल के पास चाट गुपचुप की दुकान चलाते थे। 8 दिसंबर को शाम 4 बजे दुकान से मंगला जिम जा रहे थे। सर्किट हाउस के पास सड़क किनारे में खड़ी कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 4998 के चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया, दरवाजे से टकराकर वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान कुदूदण्ड की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएस, 8974 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रूपेश गेंदले के सीने के ऊपर बाइक चला दी। हादसे में रूपेश गेंदले की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद कार व बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### निगम के ड्राइवर पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए 500 रुपए नहीं देने से नगर निगम के ड्राइवर पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा निवासी शनि रजक पिता दादु सिंह रजक नगर निगम में ड्राइवर का काम करते हैं। 11 जनवरी की रात 9 बजे वे अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान लोखंडी निवासी जीतु उर्फ मोनू कश्यप आया और उनसे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो उक्त युवक गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जीतू उर्फ मोनू कश्यप ने चाकू निकालकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनकी मां व बड़ी बहन ने बीच बचाव किया तो युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। परिजन उन्हें घायल अवस्था में रिपोर्ट लिखाने थाने लेकर आए। पुलिस ने शनि रजक की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

### महिला से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लापता पति को खोजने मददगार बनकर आए युवक ने महिला को शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। शादी करने का दबाव बनाने पर युवक ने महिला से मारपीट की और शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अपराध कायम कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का अपने पति से विवाद हो गया। जिससे उनका पति घर छोड़कर चला गया। इसी दौरान राजकिशोरनगर निवासी राजीव शर्मा पिता रामेन्द्र प्रसाद शर्मा महिला के पास आया और अपने आपको उनके पति को दोस्त बताते हुए उसे खोजने की बात कही। इस तरह से उसने महिला से नजदीकी बढ़ाई। उसके बाद शादी करने का आश्वासन देकर शारारिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। उसके बाद युवक ने महिला के साथ शादी करने से इनकार कर जमकर मारपीट की। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### ठेलेवाले के साथ कढ़ाई तवा से जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** ठेला लगाने के विवाद में एगरोल ठेलावाले के साथ दूसरे ठेलावालों ने कढ़ाई, तवा से जमकर मारपीट कर दी। घायल ठेलावाले को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर चंदन आवास निवासी जसबीर कौर के पति गुरमीत सिंह उर्जा पार्क के पास एगरोल बेचने के लिए ठेला लगाते हैं। 11 जनवरी को उनके ठेला लगाने वाले जगह पर कार खड़ी थी। इसी दौरान शहजादी बेगम अपने बच्चों के साथ ठेला लगाने के लिए आई और उनसे ठेला हटाने कहा। उनके पति ठेला हटा रहे थे। इसी दौरान महिला व उसके बच्चों ने हमारे जगह में ठेला कैसे लगाए कहकर उनके पति के साथ मारपीट करते हुए कढ़ाई, तवा से हमला कर दिया।

कुछ उद्योगों को नोटिस | खारंग डिवीजन से पानी लेने वाले उद्योगों ने किया भुगतान

# 'पानी का पैसा' ... सिंचाई विभाग ने इस साल कमाए 8 करोड़, राजस्व और बढ़ने की संभावना

**बिलासपुर।** सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन को इस साल पानी बेचकर पैसा कमाने में अच्छी सफलता मिली है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से लेकर अब तक विभाग ने विभिन्न उद्योगों से 7 करोड़ 88 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त कर लिया है। इसमें नोवा स्टील एंड आयरन इंडस्ट्रीज दगौरी द्वारा सर्वाधिक 5 करोड़ 88 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

जल संसाधन विभाग के खारंग डिवीजन को इस साल जलकर के रूप में राजस्व प्राप्त करने में अच्छी सफलता मिली है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से अब तक डिवीजन ने 7.88 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया है। जिले में अनेक विभाग ऐसे हैं, जिन्होंने विभाग से जल की आपूर्ति के लिए अनुबंध किया है व उद्योगों के लिए पानी ले रहे हैं। इसके विपरीत कई उद्योगों को बगैर अनुबंध के पानी का उपयोग करने के कारण विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। बगैर अनुबंध के पानी का उपयोग करने वाले ज्यदातर उद्योग ऐसे हैं, जिन्होंने अपने संस्थानों में बड़े बोर कराए हैं व भूमिगत जल का उपयोग कर



रहे हैं, लेकिन शासकीय नियमों के अनुसार इस जल पर भी जल संसाधन विभाग का ही अधिकार है। इसका उपयोग करने पर ऐसे उद्योगों को जल संसाधन विभाग को निर्धारित जलकर का भुगतान करना होगा। इसके विपरीत इस श्रेणी के ज्यादातर उद्योगों द्वारा जलकर का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान होता है।

### 40 उद्योगों पर 643 करोड़ बकाया था

जिले के लगभग 40 उद्योग ऐसे हैं, जो अपने संस्थानों के लिए सतही एवं भू-जल का दोहन कर रहे हैं। इन पर करीब 643 करोड़ रूपए का जलकर बकाया है। आश्चर्यनजक बात यह है कि कई तो छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पूर्व से ही जल का दोहन कर रहे हैं। इन संस्थानों में शासकीय संस्थानों की संख्या भी कम नहीं है। इन सभी के द्वारा पानी का दोहन तो भरपूर किया जा रहा है, लेकिन जलकर भुगतान की बारी आते ही बगलें झांकने लगते हैं। चूंकि सिंचाई विभाग को स्थानीय स्तर पर केवल संबंधितों को नोटिस जारी करने का ही अधिकार है, जिससे भुगतान प्राप्त नहीं करने पर संबंधितों को समय-समय नोटिस जारी किया जाता है। इन सभी मामलों में कार्रवाई का अधिकार शासन को है।

### राजस्व बढ़ने की है संभावना

कुछ संस्थानों द्वारा ईमानदारी से जलकर का भुगतान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7 करोड़ 88 लाख का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ है। भविष्य में जलकर के रूप में राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

**-एमके चंद्रा,** ईई खारंग डिवीजन

ट्रीटमेंट प्लांट में टेक्निकल फाल्ट व अशोक नगर पाइप लाइन में लिकेज की समस्या

# ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई नहीं हो पाई, बूंद-बूंद के लिए तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन योजना तहत सरफेस वॉटर सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई है। पहले बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट में टेक्निकल फाल्ड आ गया था और वहां पर मरम्मत भी कराई जा रही थी, उसके बाद अशोक नगर के मेन सप्लाई पाइप लाइन में लिकेज की समस्या आ गई, जिसके कारण अमृत मिशन योजना से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है और वार्डों स्थित टयूबवेल से टंकियों को भरा जा रहा है।

■ **टयूबवेल से भरा जा रहा पानी टंकियों को**

शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत पानी सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। लगातार कोई न कोई समस्या उत्पन्न हो जा रही है जिससे शहर के घरों में नगर निगम द्वारा सरफेस वॉटर सप्लाई बाधित हो रहा है। सोमवार को भी अमृत मिशन योजना तहत निर्मित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। ट्रीटमेंट प्लांट के पुराने चेम्बर में कुछ खराबी थी, जिसे तोड़कर कांक्रीटयुक्त नया चेम्बर बनाया गया है, जिसके ऊपर स्टील का प्लेट लगाया गया है। इसलिए पानी सप्लाई बंद किया गया था, उसके बाद अशोक नगर में मेन सप्लाई पाइप लाइन फूट गया था। इस मेन पाइप लाइन में भी मरम्मत का काम चल रहा था, इसलिए आज भी ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है और आज भी शहर के चांटीडीह, चिंगराजपारा, व्यापार विहार, भारतीयनगर, तालापारा, मगरपारा, कुम्हारपारा आदि क्षेत्रों में लोगों को पानी की समस्या बनी रही।



### मरम्मत के चलते बंद रही सप्लाई

इसके पहले खूंटाघाट जलाशय से अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई बंद होने से पानी को लेकर समस्या आई थी और सप्लाई अवधि में कटौती भी किया गया था। अमृत मिशन अंतर्गत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई किया जाता है, लेकिन खूंटाघाट जलाशय की नहर लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत एरीगेशन विभाग द्वारा कराया जा रहा था, इसलिए कुछ दिनों तक खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई रोक दिया गया था।

### 22 बड़ी टंकियों से हो रही सप्लाई

शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में नगर निगम के जल विभाग द्वारा पहले ही की तरह अलग-अलग टयूबवेल के माध्यम से इन टंकियों को भरा जा रहा है, उसके बाद पाइप लाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### चल रही मरम्मत

अमृत मिशन योजना अंतर्गत बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है। चेम्बर मरम्मत कार्य हो गया है और अशोक नगर मेन लाइन लिकेज मरम्मत कार्य चल रहा था। वैसे ट्यूबवेल से टंकियों को भरकर और टेंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है।

**-अनुपम तिवारी,** प्रभारी, जल विभाग ननि

एक साथ तीन ट्रांसफार्मर में आई खराबी

# दिन भर चला मेंटनेंस घंटों बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करबला रोड और शिव टॉकिज सहित कई इलाकों में रविवार रात से ही बिजली बंद की समस्या सामने आ रही है। आधी रात को एक साथ सबस्टेशनों में लगे 3 ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते दर्जन भर इलाकों बिजली बंद रही। इस दौरान मधुबन सबस्टेशन में तिफरा से सप्लाई बढ़ाकर काम चलाया गया, लेकिन सोमवार को शटडाउन लेकर बिजली बहाल की गई।

■ **मधुबन, लिंक रोड सबस्टेशन में आई खराबी**

तीन दिनों से करबला, टिकरापारा, शिव टाकिज, पीजीबीटी, पुराना बसस्टैंड जैसे इलाकों में बिजली की समस्या है। इस दौरान विद्यानगर और लिंकरोड के कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सामान्य नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को अचानक आई खराबी के चलते मुधबन सबस्टेशन बंद हो गया है, इस दौरान तिफरा से बिजली सप्लाई बढ़ाई गई लेकिन एकाएक बिजली का लोड बढ़ने के कारण तीन ट्रांसफार्मर में समस्या आने लगी। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जैसे तैसे रात निकाल दी, लेकिन सोमवार को एक बार फिर बिजली बंद कर मरम्मत का काम किया गया।

इसी प्रकार 220 /33 केवी मोपका सबस्टेशन में भी मेंटनेंस किया गया, जिसके चलते दयालबंद, गांधी चौक और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रही। भले ही ठंड का सीजन होने के कारण लोगों को बिजली की जरूरत कम महसूस हो रही है लेकिन बिजली बंद होने से दुकानदारों व आम लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।



# स्मार्ट मीटरः साल भर बाद पेनाल्टी लगाकर दिया बिल

**बिलासपुर।** स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उपभोक्ता को साल भर बिजली बिल के लिए जूझना पड़ा है। इसके बाद बिजली विभाग ने पेनाल्टी लगाकर भारी भरकम बिल उपभोक्ता को भेज दिया। मामले की सुनवाई करते हुए बिजली उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में आदेश देते हुए पेनाल्टी माफ की है। वहीं मामले में लापरवाही बरतने वाले बिजली कर्मचारी और जीनस कंपनी को आड़े हाथों लिया है।

■ **बिजली उपभोक्ता फोरम के आदेश के बाद पेनाल्टी निरस्त**

मामला अशोक विहार फेस 2 चांटीडीह का है। बर्फ फैक्ट्री के पास रहने वाली शकुंतला त्रिपाठी के पर दो बिजली कनेक्शन है। जिसका बीपी नंबर 1004053881 घरेलू कनेक्शन, एवं बीपी नंबर 1008917381 कॉमर्शियल कनेक्शन है। माह नवम्बर 2024 में जीनस कंपनी द्वारा पुराने मीटरों को बदलकर नया स्मार्ट मीटर लगाया गया। मीटर बदलने के बाद स्पाट बिलिंग बंद हो गई। माह दिसंबर 2024 में मीटर रीडिंग के लिए आया लेकिन मीटर अपडेट नहीं होने के कारण बिलिंग ही नहीं की गई। इसके बाद से शुरू उपभोक्ता को बार-बार बिजली कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ा। बसंत विहार जोन के बिजली कार्यालय और स्मार्ट मीटर की जीनस कंपनी के अधिकारियों के द्वारा बार-बार उपभोक्ता को घुमाया गया जिससे तंग आकर उपभोक्ता ने अधिकारियों की शिकायत बिजली उपभोक्ता फोरम से कर दी।

### फोटो लेकर जनरेट किया बिल

उपभोक्ता ने बार-बार बिजली कार्यालय पहुंच कर शिकायत करने के बाद अधिकारियों ने उपभोक्ता से ही फोटो लेकर बिल जनरेट कर दिया। इस दौरान दिसंबर 2024 में बीपी क्रमांक 1008917381 में 370 रू एवं बीपी 1008917381 का बिल 570 रू जमा कराया गया लेकिन इसके बाद भी स्पॉट बिलिंग शुरू नहीं हो सकी। इस दौरान विभाग के बाबू और जेई ने गैरजिम्मेदाराना जवाब देते हुए पूरा ठीकरा जीनस कंपनी में मड दिया। इसके बाद एकाएक फरवरी 2025 बीपी 1008917381 के लिए 7310 रू का बिल दिया गया। जिसे उपभोक्ता ने पटाया लेकिन अगले माह फिर गलत बिल जारी कर दिया गया।

### घरेलू को दिया कर्मिशयल बिल

मामले में बिजली अधिकारियों की घोर लापरवाही सामने आई है। उपभोक्ता को घरेलू कनेक्शन में गैर घरेलू कनेक्शन के आधार पर जारी बिल दिया गया। इस दौरान पेनाल्टी भी जोड़ दिया गया। फोरम ने बिजली विभाग को दिए गए पेनाल्टी निरस्त करने का आदेश दिया दिया है। फोरम ने पाया कि स्मार्ट मीटर के लगाने के बाद जीनस कंपनी द्वारा मीटर रीडिंग अपडेट करने में घोर लापरवाही की है। वहीं फोरम ने 31 जनवरी से 30 अक्टबूर के बीच शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने पर 500 प्रति कार्यदिवस के आधार पर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

# वन विभाग ने जब्त की ढाई लाख की सागौन

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के कोटा रेंज में विभागीय टीम ने मुखबिर की सूचना पर 2 लाख 40 हजार रुपए की सागौन और गाड़ी जब्त की है। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को राजसात कर दिया है।

बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में सभी पेट्रोलिंग टीम को रात में गश्त करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत रविवार की रात वन परिक्षेत्र अधिकारी कोटा के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक विनय तिवारी, वनरक्षक लक्ष्मी साहू,उदय श्रीवास्तव देव यादव, दैनिक श्रमिक राजीव भट्ट, रवि साहू, मनोज यादव



एवं पुलिस थाना कोटा के आरक्षक प्रफुल यादव एवं दीप सिंह कंवर एवं अन्य लोग पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि कक्ष क्रमांक रिजर्व फारेस्ट 2494 में सागौन प्रजाति की इमारती लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक पिकअप में अज्ञात लोग सागौन प्रजाति की इमारती लकड़ी लोड कर रहे थे। वन विभाग की टीम और पुलिस को आते देखकर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 ई 0558 का चालक जंगल की ओर भागने की कोशिश करने लगा, जिसका वन विभाग के स्टाफ ने पीछा किया। इसमें कुख्यात आरोपी अनिल श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास पकड़ा गया, वहीं अन्य सहयोगी मौके से फरार हो गए। वन विभाग और पुलिस की टीम ने पिकअप वाहन में लोड 14 नग सागौन का लट्ठा और रिजर्व फारेस्ट के कक्ष क्रमांक 2494 में 22 नग लट्ठे सहित 36 नग सागौन के अलावा एक बाइक सीजी 28 एस 7910, पांच नग हाथ मरा आरा, एक नग मोबाइल देखा, जिसकी जब्ती की कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार जब्त वनोपज और वाहन की कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए से अधिक है। मुख्य आरोपी अनिल श्रीवास को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे 12 दिन के लिए रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं जब्त वाहन के राजसात की कार्रवाई भी शुरु कर दी गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# झांसा देकर 25 लाख रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** कोर्ट के आदेश पर परिवाद में पुलिस ने मंत्रालय में परिचय बताते हुए बेटे व भतीजे को नौकरी लगाने का झांसा देकर पिता से 25 लाख रुपए ठगी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। ठगी करने वाला तीन साल से लापता है और मुलमुला थाने में गुम इंसान कायम है।

हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, वर्ष 2023 में सरकण्डा बहतराई दीनदयाल कालोनी निवासी अम्बिका प्रसाद भारद्वाज पिता एलआर भारद्वाज 50 साल का परिचय मुलमुला छड़ौलिया निवासी राजा भैया लहरे से हुआ था। उसने श्री भारद्वाज को बताया कि उसका मंत्रालय में मंत्री व अधिकारियों से अच्छा परिचय है। वह बेरोजगार युवकों की नौकरी लगवा देता है। श्री भारद्वाज के बेटा व भतीजा पढ़ाई करने के बाद नौकरी की तलाश में थे। उन्होंने राजा भैया को उनकी नौकरी लगवाने की बात कही। राजा भैया ने 25 लाख रुपए खर्च करने पर दोनों की रायपुर व मुंगेली कोर्ट में सहायक ग्रेड थ्री की नौकरी लगवा देने का आश्वासन दिया। श्री भारद्वाज ने उसे आनलाइन व नकद के माध्यम से 25 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद श्री भारद्वाज ने पतासाजी की तो पता चला कि दोनों कोर्ट में नौकरी के लिए कोई वेकेन्सी नहीं निकली है। उन्होंने राजा भैया लहरे से अपना पैसा वापस मांगा तो वह घुमाने लगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 फरवरी, 19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई 21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-ऑफर 16,501/-, 2AC-ऑफर 32,501/- 3AC-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### वीरेंद्र बने किसान मोर्चा के सहसंयोजक

**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह-संयोजक दलहन-तिलहन



आत्मनिर्भर प्रकल्प का महत्वपूर्ण दायित्व विरेन्द्र गुप्ता को सौंपा गया है। वे एक दूरदर्शी, कर्मठ, नवाचारप्रिय एवं संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं। इससे पहले श्री गुप्ता भाजपा किसान मोर्चा मुंगेली के महामंत्री पद पर अपने दायित्वों का भली-भांति निर्वहन कर चुके हैं।

### नेशनल चैंपियनशिप के लिए शतरंज खिलाड़ी रांची रवाना




**लोरमी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज 14 वर्ष बालक-बालिका चैंपियनशिप का आयोजन रांची में 13 से 17 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिला शतरंज संघ से छत्तीसगढ़ राज्य टीम में बालक 14 वर्ष में अंश केशरवानी लोरमी व बालिका 14 वर्ष में उर्वी गुप्ता पथरिया, सौम्या सिंह राजपूत का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ का दल बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रांची के लिए रवाना हुआ।

### उद्यानिकी महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र हथनी में राष्ट्रीय युवा दिवस महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन साहू के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. रोहित ने अतिथियों का स्वागत किया। शैक्षणिक प्रभारी डॉ. राकेश गिरी गोस्वामी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, उनके आदर्श विचारों, युवाओं को दिए गए संदेशों पर उद्बोधन दिया। विद्यार्थियों ने भाषण और कविताओं की प्रस्तुति दी। अंत में पुष्पांजलि पंकज ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. संध्या साहू, डॉ. मकसूदन वर्मा समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### हिर्री में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु



**बिल्हा।** ग्राम हिर्री के रामायण चौक में प्रतिवर्ष की तरह-इस वर्ष भी महिला समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान जल यात्रा देवी पूजन से प्रारंभ होकर गीता पाठ तुलसी वर्षा हवन पूर्णाहुति ब्राह्मण भोज एवं ग्राम भोज भंडारा वितरण किया गया। आयोजन में आसपास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्य में कथा वाचक पंडित दीपक पांडे बोदरी वाले संयोजक सरपंच संजू मानिकपुरी मुख्य राजमान पृथ्वी राजपूत प्रीति राजपूत पंडित दामोदर शुक्ला एवं समस्त महिला समिति एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

### नवधा रामायण में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष



**लोरमी।** ग्राम लछनपुर में आयोजित अखंड नवधा रामायण के सातवें दिन नगरपालिका लोरमी के उपाध्यक्ष डा अशोक जायसवाल, पार्षद सोहन डड़सेना, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव शामिल हुए। उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद लिया। डॉक्टर अशोक जायसवाल ने कहा कि, श्रीराम चरित मानस एक महान ग्रंथ है। भगवान राम के आदर्शों को हमें आत्मसात करना चाहिए। समिति अध्यक्ष लीलाराम कौशिक ने बताया कि, ग्राम लक्षनपुर की रामधुन कीर्तन समिति आसपास के क्षेत्रों के धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती हैं।

### छग किसान मोर्चा प्रदेश सत्कार सह प्रभारी बने नारायण

**लालपुर।** क्षेत्र के युवा बीजेपी नेता हरनाचाका के सरपंच नारायण सिंह राजपूत को बीजेपी किसान



मोर्चा प्रदेश सत्कार सह प्रभारी का दायित्व मिला है। इस दौरान उन्होंने समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर के कार्यालय रायपुर पहुंचकर उनके प्रथि आभार व्यक्त दिया। नारायण सिंह राजपूत ने कहा कि, चूंकि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान है, सभी कृषि कर अपना जीवन यापन करते है। किसान मोर्चा का दायित्व देकर संगठन ने एक अवसर प्रदान किया है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर अंचल में हुए विविध आयोजन, स्वामी विवेकानंद के विचारों को किया गया याद

# कोटा नगर में निकली 15 सौ फीट लंबी तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नगर में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत 1500 फीट लंबी तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा पिछले 10 वर्षों से निरंतर कोटा नगर में आयोजित की जा रही है, जो अब नगर की एक प्रेरणादायी परंपरा बन चुकी है।

इस वर्ष आयोजित रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में विशाल तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने भारत माता की जय एवं स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से जुड़े नारों के साथ नगरवासियों को राष्ट्रभक्ति और युवाशक्ति का संदेश दिया। तिरंगा रैली का शुभारंभ कोटा नगर रेलवे स्टेशन से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर भ्रमण के पश्चात जय स्तंभ चौक नाका में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर



प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवा शक्ति, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। कार्यक्रम ने नगर में देशभक्ति, एकता और अनुशासन का सकारात्मक संदेश दिया।

## विवेकानंद का जीवन त्याग, सेवा और मानवता की मिसाल



**सकरी।** स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा सकरी स्थित पुराना बाजार रामभवन में किया गया।

इस अवसर पर सकरी नगर में झाकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई विद्यालय के बहने स्वामी विवेकानंद, भगिनी निवेदीता, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में शोभायात्रा में निकली थी। मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकरी जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का संदेश दिया है उनका जीवन त्याग,सेवा और मानवता की मिसाल है उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। अध्यक्षता की आसंदी से शिशु मंदिर सकरी के व्यवस्थापक धर्मेश दुबे ने कहा कि उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत का संदेश आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक मंत्र है। विशिष्ट अतिथि जनकराम प्रजापति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित किया उनके विचार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते है। मनोज साहू ने कहा कि जयंती केवल स्मरण का दिन नहीं बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का अवसर है। कार्यक्रम को गौरी साहू, गंगा साहू, बिमला साहू, राजेश्वरी पटवा, गौरी प्रजापति ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोकामना यादव एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य तुलसीराम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य शोभित प्रजापति, शारदा यादव, संतोषी उपाध्याय, सुनीता चौबे, बिंदु यादव, मीना साहू, राधा चंद्रा ,उत्तम अनंत, चंद्रप्रकाश गुप्ता, प्रकाश यादव, इंद्राणी गुप्ता, सरिता वस्त्रकार, चांदनी अनंत, अंतिमा द्विवेदी का योगदान रहा।

## छात्राओं व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली




**तखतपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों ने युवाओं को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों टिकरीपारा रामनगर तहसील चौक मेंनरोड से होते हुए सम्पन्न हुई। छात्राओं ने उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको, युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति, शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता ,नशा मुक्त होने जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं। कार्यक्रम में जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि युवा दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। रैली में विद्यालय के रश्मि मिश्रा मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, मिनाज खान बलिराम सूर्यवंशी गिरधारी वैष्णव आमोद एक्का मयंक यादव जेडी कुजूर कामिनी गुप्ता माहेश्वरी सिन्हा पारुल यादव दिव्या मिश्रा सलीम बंजारे सहित प्रिया ठाकुर, तृप्ति पटेल, उर्वशी पांडेय, भूमिका ठाकुर सहित अन्य शामिल हुए।

## समाज की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म




**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय सीपत में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। महाविद्यालय की उपसंचालिका मीना द्वारिकेश पांडेय ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमें जीवन में उद्देश्य और संकल्प का महत्व बताया। युवाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक मजबूत राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू ने स्वयंसेवी कार्यों की अहमियत पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर महाविद्यालय के सचिव अशोक श्रीवास, सहायक प्राध्यापक संत कुमार रात्रे, सुरेश बिंझवार, रुक्मिणी चौधरी, आकांक्षा भारती, विश्वप्रताप डोंगरे, रविशंकर यादव सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## भारत विकास परिषद ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती




**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद इकाई पेंड्रा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी ने की। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष समय लाल मिश्रा, सचिव बाबूलाल पांडेय, संस्कार प्रमुख मनीराम कैवर्त, शाखा प्रमुख कीर्ति कश्यप सहित नत्थूलाल गुप्ता, प्रकाश राय,महेश मिश्रा एवं अतुल तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला महामंत्र है।

## डिवाइन ग्रुप युवा संगठन ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा संगठन दिया (डिवाइन ग्रुप) के तत्वावधान में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर ग्राम नवागांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा में युवा उत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ के विस्तारक ओमप्रकाश बलभद्र द्वारा राष्ट्रप्रेम एवं जागरूकता का संदेश दिया गया। गायत्री परिवार के प्रमुख संरक्षक मथुरा सोनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कर्मयोगी, मातृभूमि के उपासक, युगपुरुष एवं युवाओं के आदर्श प्रेरणास्त्रोत थे। आनंद कुमार साहू ने कहा कि श्रेष्ठ युवा वही है जिसमें उत्कृष्ट व्यक्तित्व, सेवा भावना एवं संस्कार हों। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय युवा दिवस विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर




पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पवार ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा डिवाइन ग्रुप के कार्यकर्ताओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक पेंड्रा गोलवति उईके, प्रांत सह संयोजक दिया छत्तीसगढ़ ओमप्रकाश बलभद्र, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, प्रमुख संरक्षक मथुरा सोनी (गौरेला), आरती सोनी, सुनीता रजक, रमाकांत जायसवाल प्राचार्य अशोक कुमार पवार, कुमारी रानी यादव, रेखा राठौर, अभिषेक श्रीवास, सपन राय, सुमित साहू, शिक्षक रीना जैन, पी.आर. सोनवानी, मनीषा मराबी, रघुवीर, निशा वर्मा, राधेश्याम जायसवाल सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवाओं के मार्गदर्शक हैं स्वामी विवेकानंद



**मल्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई तक्षशिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोंधरा द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण, विचार-प्रस्तुति, प्रेरक नारे, प्रश्नोत्तरी एवं देशभक्ति गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, राष्ट्रसेवा एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और उन्हें अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

## स्वामीजी से लेना चाहिए चारित्रिक प्रेरणा



**मुंगेली।** कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर हमारे विवेकानंद विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह एवं मुख्य वक्ता जितेंद्र कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक मदन लाल कश्यप एवं संचालन राजेश कुमार घोसले ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके की गई। मुख्य वक्ता जितेंद्र कुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वामी विवेकानंद जी से चारित्रिक प्रेरणा लेनी चाहिए। वर्ष 1984 से स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को उनके विचारों से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना था। श्रीमती प्रेमा केरकेट्टा (सहायक प्राध्यापक हिंदी) ने अपने उद्बोधन में कहा कि अमेरिका के शिकागो सम्मेलन में वक्ता के रूप में स्वामी विवेकानंद जी ने सभी श्रोताओं को मेरे भाई और बहन कहकर संबोधित किया था। यह उनके महानतम व्यक्तित्व का परिचायक है। प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने अपने वक्तव्य में उनका प्रसिद्ध मंत्र, "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" दोहराया।

## वर्तमान में युवा वर्ग के लिए प्रेरणाश्रोत हैं स्वामी विवेकानंद

**मुंगेली।** स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि मोहन साहू जिला प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य आतिथ्य एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रामशरण यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड के प्रमुख महाविद्यालय एवं स्थानीय विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को आज के सभी युवाओं के लिए अनुकरणीय बताया। एसएमडीसी अध्यक्ष श्री यादव ने अपने उद्बोधन



में विवेकानंद जी के आदर्शों और सिद्धांतों को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताया। यमन दास जिला संगठन मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने संस्कार एवं आत्म विचारों से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के महत्व को प्रतिपादित किया। ताकेश्वर साहू ,नगर कार्यवाहक ने अपने संबोधन में स्वामी जी को समस्त युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। जितेन्द्र कुमार बावरे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली आभार प्रदर्षन करते हुए कहा कि आत्मविश्वास एवं परीश्रम ही सफलता की पहली सीढ़ी है। इस अवसर पर विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए संगोष्ठी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। परिणाम की घोषणा आयोजक प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव ने की एवं विजेता प्रतिभागियों को शाला की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि प्रदीप उपाध्याय, बीआरसी मुंगेली सूर्यकांत उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक सुरेश भारती, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, व्याख्याता महादेव यादव, सांत्वना दत्ता, रूही फातिमा, राहुल वर्मा, जेबा तबस्सुम, सीएसी नेमीचंद भास्कर, गौकरण डिंडोले एवं व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंकज मिश्रा द्वारा किया गया।

## भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मानः धरमलाल

**पथरिया।** पथरिया ग्रामीण क्षेत्र के युवा भाजपा नेता रितेश यादव को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मुंगेली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। उनकी नियुक्ति पर नगर में रैली निकाली गई, जिसमें क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए।

■ भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने रितेश

नगर और ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयघोष और आतिशबाजी कर संगठन का आभार जताया। रैली के रूप में नगर भ्रमण कर कार्यकर्ता सर्किट हाउस में पहुचे, जहां पर एक सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान धरमलाल कौशिक ने कहा कि, विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल भाजपा आज युवाओं को सबसे ज्यादा आकर्षित करता है, क्योंकि यहां कर्मठ और अनुशासन के साथ संगठन के कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि, रितेश छोटे से गांव का आम कार्यकर्ता है, जिसे भाजपा ने सम्मानित करते



हुए किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाया है। नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव ने भाजपा संगठन और धरमलाल कौशिक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है, मैं इसका निर्वाहन पूरी ऊर्जा और लगन के साथ करूंगा।

इस मौके पर जिपं सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, जिला मंत्री रिंकू सिंह ठाकुर, पथरिया मण्डल अध्यक्ष संजय वर्मा, लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छबड़ा, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, बलराम जायसवाल, मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, इंद्रजीत यादव, जगदीश वर्मा, पूर्व पार्षद मनीष यादव, गोपाल डनसेना, भाजपा नेता राजेन्द्र साहू, लोकेश साहू, रामरतन राजपूत, हरिचरन धृतलहरे, शिवशंकर बर्मन, सुखदेव वर्मा, रामेश्वर वर्मा, भास्कर राजपूत, महेंद्र गुप्ता, अशोक निर्मलकर व विक्की साहू उपस्थित रहे ।

## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग तेज

**मल्हार।** किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग तेज हो गई है, शनिवार को भाजपा नेताओं ने रायपुर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत करा कर ज्ञापन सौंपा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित मल्हार में धान खरीदी की दैनिक सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं एवं समिति प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन सौंपा। समिति ने वर्तमान में निर्धारित 1651 क्विंटल प्रतिदिन की लिमिट को बढ़ाकर 2500 क्विंटल किए जाने की मांग की है, ताकि सभी पंजीकृत किसानों से समय पर धान खरीदी सुनिश्चित हो सके। सेवा सहकारी समिति मल्हार पंजीयन क्रमांक 792 में धान खरीदी वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1743 कृषकों ने 1688.83 हेक्टेयर रकबे से 87,243.40 क्विंटल धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इस समिति में मल्हार सहित आसपास के सात गांव शामिल है। इस लिहाज से इस क्षेत्र की यह सबसे बड़ी समिति है, जहां सीमित लिमिट में धान खरीदी करना चुनौती बनी हुई है। समिति के अनुसार अब तक 1050 किसानों से 53,108.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जबकि शेष 693 कृषकों का 66.76 हेक्टेयर रकबा अभी

■ भाजपा नेताओं डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन



बाकी है। लगभग 34,135 क्विंटल धान की खरीदी शेष है। समिति प्रबंधन का कहना है कि, वर्तमान में प्रतिदिन केवल 1651 क्विंटल धान खरीदी की सीमा निर्धारित होने के कारण सभी किसानों से समय पर धान खरीद पाना संभव नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान समिति केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन लिमिट पूरी हो जाने के कारण 200 से अधिक किसानों के टोकन जारी नहीं हो पा रहे, जिससे किसानों को बिना धान बेचे वापस लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों में असंतोष उत्पन्न हो रहा है। सेवा सहकारी समिति मल्हार के प्राधिकृत अधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि, धान खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, जिला कलेक्टर तथा विभागीय अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपा जा चुका है।